



दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 220/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 25 मार्च 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in




# मेडिकल साइंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का उद्घाटन किया




**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कर्नाटक के दौरे पर हैं। प्रदेश में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव के देखते हुए पीएम मोदी का यह दौरा अहम माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी ने चिक्कबल्लापुर में श्री मधुसूदन साई इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च का उद्घाटन किया। इस इंस्टीट्यूट में इलाज और मेडिकल की पढ़ाई फ्री में होगी।

इसके बाद वे बेंगलुरु मेट्रो के फेस-2 की 13.71 किमी लंबी लाइन का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी व्हाइटफील्ड (काडुगोडी) से कृष्णराजपुरा (केआर पुरम) तक की मेट्रो लाइन की शुरुआत करेंगे। इसके बाद वे मेट्रो में राइड भी लेंगे। इस मेट्रो लाइन को 4,250 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। इसमें 12 मेट्रो स्टेशन बनाए गए हैं।

### कर्नाटक में 150 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य

भाजपा इस बार राज्य में 150 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करने के लक्ष्य को लेकर चुनावी रणनीति बना रही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 104 सीटें जरूर जीती थीं, लेकिन 224 विधानसभा सीटों वाले कर्नाटक में 113 के बहुमत आंकड़े से 9 सीटें कम रह गई थीं। जबकि कांग्रेस को 78 और बीजेपी को 37 सीटें मिली थीं।

## आज कांग्रेस देश के लिए समस्या है और कांग्रेस की समस्या राहुल गांधी हैं: चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आज कांग्रेस देश के लिए समस्या है और कांग्रेस की समस्या राहुल गांधी हैं। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के लोग मुंह पर ताला लगाकर बैठे हैं। राहुल गांधी जी, आपने उस समय अपने मुंह पर ताला क्यों नहीं लगाया, जब आपने मोदी जी, मोदी जाति के बारे में अपमानजनक बातें कही? आपने ओबीसी का अपमान किया। आपको ओबीसी के अपमान का हक किसने दिया? क्या पिछड़े वर्ग में पैदा होना पाप है? राहुल गांधी जी, यह ताला आपके मुंह पर तब लगना चाहिये, जब आपने न्यायपालिका का अपमान किया था। आपने कहा कि मैं दुर्भाग्य से सांसद हूं। संसद का अपमान किया। आपने संसद सदस्य रहते हुए कुछ कहने के बाद जिस ढंग से आंख मारी थी, वो पूरे हिन्दुस्तान ने देखी थी। क्या यह सांसद की गरिमा है? राहुल जी, आप पहले भी विवादित बयान देते रहे हैं। आपने पंजाब और यूपी के युवाओं का मजाक उड़ाया, मंदिर में जाने वालों को छेड़खानी करने वाला बताया। सर्जिकल स्ट्राइक और सेना पर भी आपने सवाल उठाया। जब श्री मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे, तब आपने ऑर्डिनेंस फाड़कर उनका अपमान किया था। राहुल जी, यह ताला आपके और कांग्रेसियों के मुंह पर क्यों नहीं लगा? आज ताला लगाने की नौटंकी कर रहे हैं।


मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वतंत्रता सेनानी तथा भारतीय पत्रकारिता के पुरोधा श्रद्धेय गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## हिन्दुस्तान में लोकतंत्र पर हो रहा आक्रमण: राहुल गांधी

### मंत्रियों ने झूठे आरोप लगाए, स्पीकर ने मुझे बोलने का समय नहीं दिया



**नई दिल्ली।** संसद सदस्यता रद्द होने के बाद राहुल गांधी पार्टी हेड क्वार्टर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि भारत में लोकतंत्र पर आक्रमण हो रहा है। राहुल ने कहा- मंत्रियों ने झूठा आरोप लगाया। स्पीकर से पूछा तो वो मुस्कुरा कर बोले- मैं कुछ नहीं कर सकता।

इससे पहले राहुल के साथ प्रियंका गांधी पार्टी दफ्तर पहुंचीं। इस दौरान कार्यकर्ता नारेबाजी करते नजर आए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल, अभिषेक मनु सिंघवी, जयराम रमेश और वेणुगोपाल मौजूद रहे। राहुल ने कहा-सवाल मैंने एक ही पूछा था। फाउंडेशन पर जाता हूं। अदाणी जी की शेल कंपनीज हैं। उसमें 20 हजार करोड़ रुपया किसी ने इन्वेस्ट किया। यह अदाणी जी का पैसा नहीं है। अदाणी जी का इन्फ्रास्ट्रक्चर बिजनेस है, यह पैसा उनका नहीं है। मैंने पूछा कि यह 20 हजार करोड़ रुपये जो निवेश हुए हैं अदाणी जी की कंपनी में, वे किसके हैं। मैंने संसद में सबूत के साथ इस पर सवाल पूछा।

सवाल है कि ये 20 हजार करोड़ रुपये किसके हैं? मैंने संसद में प्रूफ देकर जो मीडिया रिपोर्ट से मैंने निकाला- अडाणी जी और मोदी जी के रिश्ते के बारे में बोला। रिश्ता नया नहीं पुराना है। जब नरेंद्र मोदी जी गुजरात के सीएम बने थे, तब से रिश्ता है। हवाई जहाज की मैंने फोटो दिखाई। नरेंद्र मोदी जी अपने मित्र के साथ बड़े आराम से बैठे हुए थे। मैंने संसद में फोटो दिखाया। राहुल ने कहा मैंने संसद में अडाणी के घोटाले को लेकर चिट्ठी लिखी, लेकिन कुछ नहीं हुआ। कुछ नेताओं ने बोला मैंने विदेशी ताकतों की मदद ली, ऐसा कुछ नहीं है। मैंने कई चिट्ठी लिखी पर कोई जवाब नहीं आया। मैंने स्पीकर से कहा कि मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है। स्पीकर ने कहा कि मैं कुछ नहीं कर सकता है। मैं आगे भी मोदी जी से पूछुंगा 20 हजार करोड़ रुपए किसके हैं। मैं जेल में जाने से नहीं डरता।

यूथ कांग्रेस भी आज देशभर में अलग-अलग प्रदर्शन कर रही है। इसके अलावा कांग्रेस ने सोमवार से देशभर में संविधान बचाओ आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है। इसकी रणनीति के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे आज एक अहम बैठक भी करेंगे। इसमें सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी भी आ सकती हैं।

### गांधीवादी विचारधारा के साथ विश्वासघात: अमेरिकी सांसद

इसे लेकर अब संयुक्त राष्ट्र से लेकर अमेरिकी सांसद तक के बयान सामने आए हैं। भारतीय मूल के प्रभावशाली अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने शुक्रवार को राहुल गांधी को लोकसभा सदस्यता से अयोग्य घोषित किए जाने के फैसले को गांधीवादी विचारधारा के साथ 'गहरा विश्वासघात' करार दे दिया। रो खन्ना ने ट्वीट किया, राहुल गांधी को संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराया जाना गांधीवादी दर्शन और भारत के गहरे मूल्यों के साथ गहरा विश्वासघात है। उन्होंने कहा, यह वह नहीं है, जिसके लिए मेरे दादाजी ने अपनी जिंदगी के कई साल जेल में कुर्बान कर दिए थे। रो खन्ना अमेरिका की प्रतिनिधि सभा में सिलिकॉन वैली का प्रतिनिधित्व करते हैं।



## इसरो कल 36 सैटेलाइट लॉन्च करेगा

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन रविवार यानी 26 मार्च को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा के स्पेसपोर्ट से एलवीएम-एम3/वनवेब इंडिया-2 मिशन लांच करेगा। इसरो का 43.5 मीटर लंबा एलवीएम3, रविवार सुबह 9.00 बजे 643 टन वजन के साथ दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा, जिसमें ब्रिटेन की कंपनी वनवेब के 36 सैटेलाइट शामिल हैं। यह लॉन्च पैड चंद्रयान-2 मिशन सहित अब तक पांच सफल लॉन्चिंग कर चुका है। 36 सैटेलाइट का कुल वजन लगभग 5,805 किलोग्राम है।

नेटवर्क एक्सिस एसोसिएटेड लिमिटेड यानी वनवेब यूके आधारित एक संचार कंपनी है। इसमें ब्रिटिश सरकार, भारत की भारती इंटरप्राइजेज, फ्रांस की यूटेलसैट, जापान के सॉफ्टबैंक, अमेरिका के ह्यूज्स नेटवर्क्स और दक्षिण कोरियाई डिफेंस कंपनी हनव्हा हिस्सेदार हैं।

## अखिलेश यादव का बड़ा बयान, 'अब क्षेत्रीय दलों को आगे करे कांग्रेस'

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने के बाद से देश में सियासी पारा चढ़ गया है। पहली बार पूरा विपक्ष एक साथ नजर आ रहा है। सवाल यही है कि क्या प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के नाम पर या मिलकर चुनाव लड़ने के नाम पर भी यह भाईचारा बना रहेगा? अखिलेश यादव का ताजा बयान इस तरफ संकेत दे रहा है।



सपा प्रमुख ने शनिवार सुबह कहा कि कांग्रेस को अब फैसला लेना चाहिए और क्षेत्रीय दलों को आगे करना चाहिए। एक तरह से अखिलेश ने कह दिया है कि राहुल गांधी की सदस्यता जाने के बाद कांग्रेस पीछे हट जाए और क्षेत्रीय दलों को आगे करके, उनके सहारे 2024 का लोकसभा चुनाव लड़े। अखिलेश यादव के बयान पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया का इंतजार है।

## रिश्वत मामले में जांच के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने दी चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर एडल्ट फिल्म में काम करने वाली स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देने के मामले में उन्हें दोषी ठहराया गया तो यह संभावित मौत और विनाश का कारण बनेगा। बता दें कि ट्रंप के निजी वकील की ओर से 2016 में एक पोर्न स्टार को रिश्वत देने के मामले में न्यूयॉर्क में जांच रही है। ट्रंप ने शुक्रवार को यह टिप्पणी ऐसे समय में की जब करीब एक सप्ताह पहले उन्होंने दावा किया था कि उन्हें इस मामले में गिरफ्तार किया जाएगा। ऐसी स्थिति में उन्होंने अपने समर्थकों से प्रदर्शन के लिए तैयार रहने को कहा था।



उन्होंने कहा, किस तरह का व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति पर आरोप लगा सकता है, इस मामले में अमेरिका के एक ऐसे पूर्व राष्टपति पर आरोप लग रहे हैं, जिसे इतिहास में अब किसी भी राष्ट्रपति की तुलना में अधिक वोट मिले हैं और वर्ष 2024 के चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के नामांकन के लिए अग्रणी उम्मीदवार (अब तक!) है।

## पिछले 24 घंटों में कोरोना के 1,590 नए मरीज सामने आए, ये 146 दिनों में सबसे ज्यादा, 6 मौतें भी हुईं

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 1,590 मरीज सामने आए। ये संख्या पिछले 146 दिनों में सबसे ज्यादा है। देश में एक्टिव मामले बढ़कर 8,601 हो गए हैं। शुक्रवार को कोरोना से 6 मौतें भी हुईं। इनमें से 3 महाराष्ट्र और 1-1 मौत कर्नाटक, राजस्थान और उत्तराखंड में हुई। डेली पॉजीटिविटी रेट 1.33 प्रतिशत और वीकली पॉजीटिविटी रेट 1.23 प्रतिशत रही।



## कमलनाथ के गढ़ से चुनावी शंखनाद करेंगे अमित शाह



**छिंदवाड़ा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज छिंदवाड़ा पहुंच रहे हैं। वे यहां कार्यकर्ताओं की रैली करेंगे। आदिवासियों के आस्था के केंद्र हर्रई ब्लॉक के आंचलकुंड दादा दरबार मंदिर से मप्र में भाजपा के चुनावी अभियान का आगाज करेंगे। शाह दोपहर करीब 2.10 बजे यहां पहुंचकर पूजा करेंगे। इसके बाद हेलिकॉप्टर से दोपहर 3.10 बजे छिंदवाड़ा में पुलिस ग्राउंड पहुंचेंगे। यहां जनसभा को संबोधित करेंगे।

शाह के इस दौरे से छिंदवाड़ा का सियासी पारा चढ़ गया है, क्योंकि यह कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का? गढ़ है। यहां से उनके बेटे नकुल सांसद हैं और छिंदवाड़ा जिले की सातों सीटों पर कमलनाथ के साथ कांग्रेस विधायक काबिज हैं।

### सातों विधानसभा व लोकसभा भी हम जीतेंगे: वीडी शर्मा

#### अमित शाह को लेकर भारी उत्साह


प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि अमित शाह जी को लेकर भारी उत्साह है आज छिंदवाड़ा से महा विजय अभियान का उद्घोष कर जनसभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी के बारे में कहा कि यह कोर्ट का निर्णय है और उनकी सदस्यता समाप्त हो गई है। उन्होंने लोकतंत्र



का अपमान किया है विदेशों में जाकर देश की बदनामी की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में विकास तेजी से हुआ है छिंदवाड़ा किसी का गढ़ नहीं है छिंदवाड़ा मॉडल का भ्रम टूट रहा है। पत्रकार वार्ता में कमल पटेल, कविता पाटीदार वैभव पवार एवं अन्य नेता उपस्थित थे। नगर के उद्योगपति मीनू सिंधई श्रेयस और आश्रय, कमल बत्रा और शैलेंद्र पाठक भाजपा में शामिल हुए उन्होंने बीडी शर्मा के सामने भाजपा की सदस्यता ली।

## वकीलों की हड़ताल: बार एसोसिएशन का ऐलान- जेल जाना पड़े तो जाएंगे

**भोपाल।** हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद प्रदेशभर में चल रही वकीलों की हड़ताल जारी है। आज भोपाल में जिला अभिभाषक संघ कार्यालय में अधिवक्ता संघों का महासम्मेलन हो रहा है। वहीं जिला बार एसोसिएशन ने ऐलान किया है कि हड़ताल जारी रहेगी, हम जेल जाने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने अधिवक्ताओं के राज्यव्यापी हड़ताल पर स्वतः संज्ञान लेकर आदेश दिए थे कि वे तत्काल काम पर लौटें। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने आदेश में साफ किया कि यदि आदेश का पालन नहीं किया तो इस रवैये को अवज्ञाकारक माना जाएगा, साथ ही अधिवक्ताओं के विरुद्ध अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। हाईकोर्ट ने कहा कि जिस तरह की बातें सामने आई हैं, उससे हम बेहद हैरान, चिंतित और दुखी हैं। हाईकोर्ट का आदेश सामने आने के बाद भोपाल जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. पीसी कोठारी ने भोपाल के वकीलों को संदेश जारी करते हुए कहा कि आप सभी से अनुरोध करता हूं कि किसी भी तरह के प्रशासनिक पत्र या किसी भी आदेश से भ्रमित-भयभीत न हों।




## सीबीआई ऑफिस में तेजस्वी, ईडी दफ्तर में मीसा

**पटना।** लैंड फॉर जॉब्स स्कैम मामले में लालू परिवार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से सीबीआई ऑफिस में पूछताछ हो रही है तो लालू की बेटी मीसा से ईडी सवाल-जवाब कर रही है।

सीबीआई ऑफिस पहुंचने से पहले तेजस्वी ने कहा कि हमने जांच एजेंसियों को हमेशा सहयोग किया है। देश का माहौल आजकल आप देख ही रहे हैं। झुकना बहुत आसान है। लड़ना बहुत मुश्किल है। हम लोग लड़ेंगे और जीतेंगे। तेजस्वी से पूछताछ दिल्ली के सीबीआई दफ्तर में हो रही है। इससे पहले सीबीआई ने तेजस्वी यादव को तीन बार समन दिया था, लेकिन तेजस्वी पत्नी के बीमार होने की बात कह कर पेश नहीं हुए थे। सके बाद तेजस्वी सीबीआई के समन को रद्द करने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट पहुंच गए थे।



### मीसा का मामला

सीबीआई की ओर से दायर चार्जशीट के मुताबिक जमीन की 2 डील में मीसा भारती इंवॉल्वमेंट सामने आया है। एक मामले में पटना की किरण देवी ने नवंबर 2007 में सिर्फ 3.70 लाख रुपए में अपनी 80,905 वर्ग फीट जमीन मीसा भारती को बेच दी। इसके बाद 2008 में सेंट्रल रेलवे मुंबई में किरण देवी के बेटे अभिषेक कुमार को नौकरी मिल गई। वहीं दूसरे मामले में पटना निवासी हजारी राय ने पहले अपनी 9,527 स्क्वायर फीट जमीन दिल्ली की कंपनी एके इंफोसिस्टम प्राइवेट लिमिटेड को 10.83 लाख रुपए में बेच दी। बाद में हजारी राय के 2 भतीजों दिलचंद कुमार और प्रेम चंद कुमार को वेस्ट-सेंट्रल रेलवे जबलपुर और साउथ-ईस्टर्न रेलवे कोलकाता में नौकरी मिल गई। ये मामला 2007 का है। छ्ब्क्ष्ढ़ को जांच में मिला कि 2014 में एके इंफोसिस्टम के सभी अधिकार और संपत्ति मीसा यादव और राबड़ी देवी को दे गिए गए थे।

## चित्रांश कान्वेंट स्कूल देवल खेड़ी में बेहतर शिक्षा देने का प्रयास



**भोपाल।** विगत 10 वर्षों से ग्राम देवल खेड़ी में शिक्षा के लिए चित्रांश कान्वेंट स्कूल बेहतर प्रयास कर रहा है चित्रांश कान्वेंट स्कूल के संचालक राजेश सिंह यादव ने बताया कि ग्राम देवल खेड़ी स्थित चित्रांश कान्वेंट स्कूल में इंग्लिश मीडियम से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रयास के लिए अनूठा स्थान रखता है चित्रांश कान्वेंट स्कूल के संचालक राजेश सिंह यादव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र होने से शिक्षा के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के अच्छे परिणाम मिलते हैं उनके द्वारा कोशिश रहती है कि पैसे के अभाव में कोई प्रतिभाशाली छात्र शिक्षा से वंचित ना रहे अभी भी उनके स्कूल में करीब 87 छात्रों को बिना फीस के शिक्षा दी जा रही है ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना चाहते हैं इसलिए उनके द्वारा इस स्मार्ट क्लासेस की अवधारणा को यहां पर लागू किया गया है कोरोना काल में भी छात्रों को शिक्षा से जुड़ी रखा गया इसके लिए सोशल मीडिया से विशेष संपर्क किया गया साथ ही छात्रों के घर उत्तर पुस्तिका के जरिए शिक्षा को जारी रखा गया बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है एवं फीस कंसेशन भी दिया जाता है उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों को छात्र छात्राओं के अभिभावक भी सहयोग करते हैं ग्रामीण परिवेश के छात्रों को बाहर के परिवेश से परिचित कराने के लिए विशेष प्रयास किया जाता है राजेश सिंह यादव का कहना है उनके स्कूल द्वारा किए जा रहे प्रयासों से छात्र-छात्राओं शैक्षिक स्तर बहुत अच्छा है

## सनशाइन को - एड स्कूल ग्राम देवल खेड़ी में सीबीएसई पेटर्न इंग्लिश मीडियम एवं स्मार्ट क्लास




**भोपाल।** ग्राम देवल खेड़ी स्थित सनशाइन कोएड स्कूल सीबीएसई पैटर्न पर इंग्लिश मीडियम से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रयास के लिए अनूठा स्थान रखता है सनशाइन पब्लिक स्कूल के संचालक अंकित देव पांडे ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र होने से शिक्षा के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के अच्छे परिणाम मिलते हैं उनके द्वारा कोशिश रहती है कि पैसे के अभाव में कोई प्रतिभाशाली छात्र शिक्षा से वंचित ना रहे ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना चाहते हैं इसलिए उनके द्वारा इस स्मार्ट क्लासेस की अवधारणा को यहां पर लागू किया गया है पूरा कैंपस सीसीटीवी में है बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है एवं फीस कंसेशन भी दिया जाता है उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों को छात्र छात्राओं के अभिभावक भी सहयोग करते हैं ग्रामीण परिवेश के छात्रों को बाहर के परिवेश से परिचित कराने के लिए विशेष प्रयास किया जाता है अंकित देव पांडे का कहना है उनके स्कूल द्वारा किए जा रहे है।

## ग्राम इमलिया स्थित गुरु गोविंद सिंह मिडिल स्कूल दे रहा बेहतर शिक्षा



**भोपाल।** ग्राम इमलिया स्थित गुरु गोविंद सिंह मिडिल स्कूल क्षेत्र में शिक्षा के प्रयास के लिए अनूठा स्थान रखता है गुरु गोविंद सिंह मिडिल स्कूल की संचालक रविंद्र कौर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र होने से शिक्षा के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के अच्छे परिणाम मिलते हैं उनके द्वारा कोशिश रहती है कि पैसे के अभाव में कोई प्रतिभाशाली छात्र शिक्षा से वंचित ना रहे बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है एवं फीस कंसेशन भी दिया जाता है उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों को छात्र छात्राओं के अभिभावक भी सहयोग करते हैं ग्रामीण परिवेश के छात्रों को बाहर के परिवेश से परिचित कराने के लिए विशेष प्रयास किया जाता है बाघा बॉर्डर 35छात्र छात्राओं का भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है गुरु गोविंद सिंह मॉडल स्कूल के संचालन समिति के सचिव सरबजीत सिंह का कहना है उनके स्कूल द्वारा किए जा रहे प्रयासों से छात्र-छात्राओं शैक्षिक स्तर बहुत अच्छा है।

# धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से भेंट कर सेठानी घाट पर बजरंग सेना ने ली शपथ

**संत हिरदाराम नगर।** बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणवीर पटेरिया एवं बजरंग सेना के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से भेंट की एवं उनके द्वारा हिंदू राष्ट्र के संकल्प को पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया। बजरंग सेना के राष्ट्रीय संयोजक रघुनंदन शर्मा ने बताया देशभर में बजरंग सेना द्वारा सभी सनातन धर्म मानने वाले लोगों को हिंदू राष्ट्र बनाने के अभियान में अपने पूर्ण सहयोग का संकल्प दिलाया जा रहा है नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर बजरंग सेना के राष्ट्रीय संयोजक रघुनंदन शर्मा, प्रदेश संयोजक हरि सिंह चैहान, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, गोलू राजपूत युवा मोर्चा के जिला मंत्री सागर संतोरे, नगर अध्यक्ष अभिषेक दरबार सहित अनेकों पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में शपथ ली कि हिंदू राष्ट्र के सपने को साकार करेंगे। इसके लिए पूरे देश में अभियान चलाया जाएगा।



## अपने रिश्ते को एक टैग देना चाहते हैं, तो इसे वैध बनाना चाहिएः कामिनी जायसवाल

**भोपाल।** लोकतंत्र मीडियाटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा शुरू किया गया एक आगामी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म खुल के, दुनिया को सही जगह बनाने की क्षमता रखने वाली सार्थक बातचीत के लिए मार्ग प्रशस्त करने की दृष्टि के साथ आता है। पीयूष कुलश्रेष्ठ ने होनहार नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म की स्थापना की है, जो अपने राउंड टेबल के चर्चा के माध्यम से गहन और अनफ़िल्टर्ड विमर्श प्रस्तुत करता है। हाल ही में एक राउंड टेबल सम्मेलन में भारत के सर्वोच्च न्यायालय की एक वरिष्ठ अधिवक्ता कामिनी जायसवाल शामिल थीं, जो आतंकवाद से संबंधित मामलों में मानवाधिकारों की दृढ़ता से समर्थन करती हैं। जायसवाल ने संसद हमले, अक्षरधाम विस्फोट, और लाल किले पर हमले जैसे हाई प्रोफाइल मामलों में शामिल निर्दोष लोगों को बरी कराया है।

मनोज रघुवंशी के साथ बातचीत में, जायसवाल संबंधित प्रणालियों की शक्तियों और दोषों पर विस्तार करते हुए भारत की न्यायिक (न्यायपालिका) और कार्यकारी (कार्यपालिका) प्रणाली के कामकाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की ।कार्यपालिका से न्यायपालिका को मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की शक्ति के हस्तांतरण पर बात करते हुए, वह कहती हैं- जो लोग बात करते हैं, वे कहेंगे कि यह कार्यकारी शक्ति में हस्तक्षेप है। लेकिन मेरे हिसाब से कार्यपालिका हो या न्याय व्यवस्था, यह व्यवस्था पर नहीं बल्कि नियुक्त लोगों पर निर्भर होना चाहिए। दोनों अपने-अपने तरीके से सही हैं।

## चैतीचांद पर सांस्कृतिक संध्या आज
## प्रिया, निशा, विकास देंगे प्रस्तुतियां





**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर की सामाजिक संस्था सिंधु नव जागरण समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी चेतीचांद के उपलक्ष्य में सिंधी सांस्कृतिक संध्या व विशाल आम भंडारे का आयोजन किया गया है। समिति संरक्षक माधु चांदवानी ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आज 25 मार्च रात्रि 8 बजे साधु वासवानी स्कूल ग्राउण्ड पर भव्य सांस्कृतिक संध्या व विशाल आम भंडारे का आयोजन किया गया है। विशाल भंडारा नगर में पहली बार चेतीचांद के पर्व पर रात्रि में आयोजन किया गया है। भंडारे में विभिन्न सिंधी व्यंजन रहेगे इसके अलावा विकास उदासी आर.के.एक्स्ट्रा द्वारा धूम मचाई जाएगी जिसमें निशी धामेजा, प्रिया ज्ञानचंदानी मधुर वाणी द्वारा गीत संगीत का कार्यक्रम पेश किया जाएगा।

## वरिष्ठ समाजसेवी बसंत चेलानी करवायेगे नवायुवक सभा के चुनाव



**संत हिरदाराम नगर।** उपनगर की अग्रणी सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था नवयुवक सभा के द्विवार्षिक चुनाव संत हिरदाराम नगर के वरिष्ठ समाजसेवी बसंत चेलानी करवायेगे। बसंत चेलानी को नवयुवक सभा की साधारण सभा की बैठक में सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी बनाया गया। बसंत चेलानी चुनाव अधिकारी नियुक्त होते ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी। 9 अप्रैल 2023 को चुनाव सम्पन्न होगे। बसंत चेलानी इससे पूर्व पत्रकार संघ और पूज्य सिंधी पंचायत के चुनाव कुशलतापूर्वक निष्पक्ष ढंग से करवा चुके हैं। जिससे उनकी बहुत ही तारीफ हुई। नवयुवक सभा के अध्यक्ष विष्णु गेहानी, वासदेव वाधवानी, सुरेश राजपाल, धर्मप्रकाश मोटवानी, ईश्वरलाल हिमथानी, कलम प्रेमचन्दानी, लक्ष्मीचन्द नरयानी प्रमुख रूप से बैठक में उपस्थित थे।

## साधु वासवानी स्कूल में मनाई शहीद हेमू कालानी की जयंती



**संत हिरदाराम नगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में श्रद्धा के साथ अमर शहीद हेमू कालानी का जन्मदिवस व शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरु का बलिदान दिवस मनाया गया। सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों द्वारा शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरु को आज उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि देश प्रेम की भावना ऐसे ही कार्यक्रमों द्वारा जागृत होती है इस प्रकार के कार्यक्रम मनाने की यही उद्देश्य है कि हम देशभक्त शहीदों व उनकी कुर्बानियों को कभी न भूलें सदैव उनकी कुर्बानियां याद करें क्योंकि उनकी कुर्बानियों से ही हमें आजादी प्राप्त हुई है, इस देश को हेमू कालानी जैसे युवाओं की बहुत जरुरत है, अपने लिए तो सब जीते हैं लेकिन जीवन उसी का सफल होता है जो दूसरों को लिए जीते हैं, संसार में आए हो तो कुछ करके जाना। कार्यक्रम में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबूमल रीझवानी, संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी, बोरवन क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी, महेश खटवानी ने भी अपने-अपने विचार रखे।

### वही कौम जिंदा रहती है जो अपने देशभक्त शहीदों को याद करती हैः गेहानी

## महापौर ने आईएसबीटी परिसर के डामरीकरण कार्य किया भूमिपूजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

महापौर मालती राय ने अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की उपस्थिति में संपूर्ण आईएसबीटी परिसर एवं पार्किंग क्षेत्रों के डामरीकरण सहित अन्य कार्यों हेतु विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर सहित अन्य पार्षद गणों व गणमान्य नागरिक मौजूद थे। बीसीएलएल द्वारा आईएसबीटी परिसर में सड़क एवं पार्किंग क्षेत्रों के सुदृढ़ीकरण हेतु डामरीकरण आदि कार्य लगभग 01 करोड़ 27 लाख 55 हजार से अधिक की राशि से कराया जा रहा है। आईएसबीटी की आंतरिक आने व जाने वाली सड़कों के साथ ही पार्किंग स्थलों पर डामरीकरण एवं डामरीकृत सड़कों पर रोड मार्किंग/ रोड स्टड लगाने का कार्य भी कराया जा रहा है। आईएसबीटी परिसर में डामरीकरण सहित अन्य विकास कार्य कराए जा रहे हैं जिससे नागरिकों को आवागमन में अत्यंत सुविधा होगी।




**कर्मचारी संगठनों ने महापौर व अध्यक्ष का किया सम्मान :** महापौर मालती राय द्वारा प्रस्तुत निगम के बजट में निगमकर्मियों की 10वीं एवं 12वीं की मैरिट में स्थान बनाने वाली बालिकाओं के लिए 5 हजार रूपये प्रति बालिका का प्रावधान करने पर नगर निगम सहित प्रदेश के अन्य कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने महापौर मालती राय व अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी का स्वागत एवं सम्मान किया। आईएसबीटी स्थित महापौर कक्ष में प्रगतिशील नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरसरी प्रसाद पटेल, संजय सक्सेना, मंत्रालय कर्मचारी संघ के सुधीर नायक, निगम मंडल कर्मचारी संघ के अनिल वाजपेयी, अजय श्रीवास्तव नीलू, गजेन्द्र सिंह, मध्यप्रदेश पुस्तकालय संघ के अध्यक्ष प्रकाश पाण्डेय सहित अन्य प्रतिनिधियों ने महापौर द्वारा निगम कर्मचारियों की पुत्रियों के प्रोत्साहन हेतु की गई पहल की सराहना की।

## शायना को मिला विवेकानंद युवा पुरस्कार




**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष फिर यूथ महापंचायत का आयोजन भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया जिसमे प्रदेश भर के लाखों युवाओं ने सहभागिता की इस अवसर मध्यप्रदेश की युवा नीति भी लॉन्च की गई। साथ ही साथ मध्यप्रदेश का पहला विवेकानंद पुरस्कार भी यूथ महापंचायत के दौरान दिया गया जिसमे दतिया की शायना कुरेशी को प्रदेश का पहला विवेकानंद युवा पुरस्कार दिया गया जो मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदान किया गया इसमें 50000 का नगद पुरस्कार भी शायना को प्रदान किया गया। अवगत हो यह पुरस्कार इसी वर्ष से मध्यप्रदेश में शुरू किया गया है जो उत्कृष्ट कार्यों के लिए युवाओं को दिया गया है।

# एयरटेल 5जी प्लस अब मप्र के 24 शहरों में उपलब्ध

**भोपाल।** भारत की अग्रणी टेलीकम्यूनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज घोषणा की कि अब उनकी अल्ट्रा-फास्ट 5जी सेवा देश के 500 शहरों में उनके ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। एयरटेल ने अपने नेटवर्क में 235 नए शहरों को जोड़ा है, जो इसे अब तक के सबसे बड़े रोल-आउट में से एक बनाता है। जैसे-जैसे कंपनी अपने नेटवर्क का विस्तार करना जारी रखती है, एयरटेल 5जी प्लस अब कश्मीर के ऊपरी उत्तरी शहर से लेकर कन्याकुमारी के दक्षिणी सिरे तक हर बड़े शहर में उपलब्ध है।

इस लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, भारती एयरटेल के सीटीओ, रणदीप सेखों ने कहा, हम देश में 5जी अपनाने की तीव्र गति को देखकर खुश हैं। एयरटेल अक्टूबर 2022 में 5जी सेवाओं की पेशकश करने वाली पहली कंपनी थी और आज का मेगा लॉन्च देश के हर एयरटेल ग्राहक को अल्ट्रा-फास्ट एयरटेल 5जी प्लस से जोडने का हमारा वादा है। हम पहले ही 500 शहरों को कवर कर चुके हैं और हर दिन 30 से 40 शहरों को जोड़ रहे हैं। 2023 के सितंबर तक, हम पूरे शहरी भारत में अपने 5त्र फुटप्रिंट का विस्तार करने की उम्मीद करते हैं। एयरटेल 5जी प्लस के ग्राहकों के लिए तीन आकर्षक फायदे हैं। पहला, यह एक ऐसी तकनीक पर चलता है जिसे दुनिया के सबसे विकसित इकोसिस्टम में स्वीकार किया गया है, यह सुनिश्चित करता है कि भारत में सभी 5जी स्मार्टफोन एयरटेल नेटवर्क पर निर्बाध रूप से काम करें।

## मप्र कर्मचारी मंच की बैठक कल

भोपाल। मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक 26 मार्च 2023 को अंबेडकर जयंती मैदान सेकंड स्टॉप तुलसी नगर भोपाल में आयोजित की गई है।

मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि प्रदेश के एनपीएस धारक कर्मचारियों को ओ पी एस . योजना का लाभ देने, महागाई भत्ता के एरियर का भुगतान करने, स्थाई कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने ,अनियमित कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ देने तथा अंशकालीन कर्मचारी एवं वन सुरक्षा श्रमिकों को कलेक्टर दर का वेतन भुगतान करने की मांग के समर्थन में यह बैठक आहूत की गई है।

# जल उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक : सूर्यवंशी

### जल चुनौतियों की पहचान तथा सामाजिक जनसंवेदना के लिए रोडमैप पर कार्यशाला आयोजित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



शहर में जन चुनौतियों की पहचान तथा सामाजिक जनसंवेदना के लिए रोडमैप विषय पर कार्यशाला का आयोजन महापौर मालती राय के मुख्य आतिथ्य एवं नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यशाला का आयोजन मैनिट भोपाल द्वारा होटल एमपीटी लेकव्यू रेसीडेंसी श्यामला हिल्स भोपाल में किया गया। नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों को शहरी जल प्रणाली की चुनौतियों की जटिलता के बारे में बताया और नागरिकों की भूमिका और पानी के प्रति उनके व्यक्तिगत व्यवहार पर भी जोर दिया। सूर्यवंशी ने कहा कि नागरिकों को जल उपयोग के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है तभी जल प्रबंधन की प्रक्रिया को पूर्ण किया जा सकता है। श्री सूर्यवंशी ने नलों को उपयोग के बाद तत्काल बंद करने, नागरिकों द्वारा आवश्यकता के अनुसार ही पानी का उपयोग करने तथा पानी की खपत को मापने के लिए पानी के मीटर लगाने आदि पर अपने विचार व्यक्त किये।

वरिष्ठ शिक्षाविद, वास्तुकार एवं योजनाकार डॉ. अमोघ गुप्ता ने प्रोजेक्ट से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया और पानी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें पानी के लिए स्वयं को बदलना आवश्यक है। कार्यशाला में सम्मिलित हुए महापौर परिषद के सदस्यगण एवं पार्षदगणों ने अपने अपने वार्ड से संबंधित पानी से जुड़ी चुनौतियों, समस्याओं और उनके द्वारा जनहित में किये जा रहे प्रयासों पर चर्चा की। कार्यशाला के तकनीकि सत्र में विभिन्न साधनों के माध्यम से वार्ड में पानी से संबंधित चर्चा को रोचक एवं सभी के लिए उपयोगी बनाया गया। कार्यशाला के समापन अवसर पर मैनिट भोपाल के प्रोफेसर डा. विनय मोहनदास ने सभी के प्रति आभार प्रगट किया। कार्यशाला में महापौर परिषद के सदस्य श्री राजेश हिंगोरानी, श्री मनोज राठौर, श्री अशोक वाणी, श्री जितेन्द्र शुक्ला, श्री आर.के.सिंह बघेल सहित पार्षदगण, पानी से संबंधित विशेषज्ञ, शोधकर्ता आदि मौजूद थे।

# पूर्व सांसद राहुल गांधी को जनता देगी 20 साल की सजा : प्रहलाद सिंह पटेल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



सूरत कोर्ट ने मानहानि मामले में राहुल गांधी को दोषी करार देते हुए 2 साल की सजा सुनाई थी. इस फैसले के बाद लोकसभा सचिवालय ने राहुल गांधी की संसद की सदस्यता को रद्द कर दिया है. जनप्रतिनिधि कानून के मुताबिक, अगर सांसदों और विधायकों को किसी भी मामले में 2 साल या उससे ज्यादा की सजा होने पर उनकी सदस्यता (संसद और विधानसभा से) रद्द हो जाती है। वही इस पूरे मामले में केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

प्रहलाद सिंह पटेल ने आगे कहा कि पूर्व सासंद राहुल गांधी को सूरत के माननीय न्यायालय ने मोदी उपनाम से जुड़े मानहानि मामले में दो साल की सजा दी है। लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि जनता की अदालत उन्हें इससे भी बड़ी सजा देगी। जनता कम से कम उन्हें 20 साल की सजा देगी। उन्होंने जो अपराधा किया है वो क्षमा योग्य नहीं है। लेकिन इसके बाद भी उन्हें माफी मांगने का मौका था, लेकिन उन्होंने माफी नहीं मांगी। यह उनका अहंकार है। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी उन्हें चेताया था। लेकिन शायद वे अपने आप को देश के कानून और संविधान से ऊपर समझते हैं। यही अहंकार की वजह से और उनकी सामंती सोच के कारण आज उनकी लोकसभा से सदस्यता चली गई।

**कांग्रेस की सामंती मानसिकता:** कांग्रेस की मानसिकता सामंती है। जिस तरह से किसी जाती विशेष को उन्होंने चोर कहा वह दिखाता है कि वे पिछड़ी जातियों के प्रति भेदभाव रखते है। कांग्रेस शायद एक पिछड़ी जाति के व्यक्ति को प्रधानमंत्री के रूप में पचा नहीं पा रही है। राहुल गांधी जब माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लिए अपशब्द कहते हैं तो वे इस देश के उन लोगों का भी अपमान करते हैं जिन्होंने मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में चुना है। गांधी परिवार द्वारा इस तरह का मोदी जी का अपमान पहली बार नहीं किया गया। इसके पहले उनकी मां सोनिया गांधी जी भी माननीय प्रधानमंत्री जी के लिए भी अपमान जनक भाषा का इस्तेमाल कर चुकी है। हैरत की बात है कि अपनी गलती मानने की बजाय कांग्रेस पार्टी न्यायालय पर ही सवाल खड़ा कर रही है।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पीपल, अमरूद और जामुन के पौधे रोपे।

## वैदिक जी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

# सरस्वती जी विराजती थीं वैदिक जी की कलम में: चौहान



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में स्व. डॉ. वेद प्रताप वैदिक जी की स्मृति में आयोजित श्रद्धाजंलि सभा में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री चौहान ने कहा कि डॉ. वेद प्रताप वैदिक जी के चेहरे पर तेज था, उनकी वाणी में ओज था। कहते हैं कि सरस्वती जी कण्ठ में विराजती हैं, लेकिन मुझे कई बार लगता था कि जैसे सरस्वती जी उनकी कलम में विराजती हैं। सचमुच में वैदिक जी का मातृभाषा और हिन्दी के लिए जो प्रेम था, मैंने वैसा हिन्दी आग्रही कोई दूसरा नहीं देखा। 13 साल की उम्र में वे हिन्दी सत्याग्रही थे। वे लगातार हिन्दी के लिए लड़ते रहे।

उन्होंने कहा कि डॉ. वेद प्रताप वैदिक जी ने हस्ताक्षर अभियान चलाया, जिससे प्रभावित होकर लगभग 21 लाख लोगों ने अपने हस्ताक्षर बदले और हिन्दी में करना प्रारंभ किया।

अंग्रेजी का मतलब विद्वता नहीं है। मैं देश-विदेश में जहाँ भी जाऊं, हिंदी में ही बोलता हूँ।

हिंदी के कारण ही मेरा सम्मान बढ़ा। हम तय कर रहे हैं कि मेडिकल की कुछ सीटें हिंदी पढ़ने वालों के लिए आरक्षित करेंगे। स्व. अभय छजलानी जी संपादक, लेखक, समाजसेवी और एक अच्छे इंसान थे। इंदौर के वर्तमान स्वरूप को बनाने में उनका अविस्मरणीय योगदान रहा। उन्होंने नर्मदा जी के लिए आंदोलन किया, खेल पत्रकारिता को बढ़ावा दिया। मैं उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं।






राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने भोपाल में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता मुंह पर ताला डालकर धरने पर बैठे।

# तथ्यों के पीछे छिपे सत्य को उजागर करने में साक्ष्य निभाते हैं महत्वपूर्ण भूमिका : एडीजी गोस्वामी

## महिला संबंधी अपराधों, कानून के प्रावधानों और अपराधों की विवेचना पर आधारित रहा जीवा की वार्षिक कार्यशाला का दूसरा दिन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

द प्रैकेडमिक एक्शन रिसर्च इनिशिएटिव फॉर मल्टीडिसिप्लिनरी एप्रोच लैब (परिमल) और जस्टिस इंक्लूशन एंड विक्टिम एक्सेस (जीवा) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जीवा कार्यशाला का दूसरा दिन महिला एवं बाल अपराध, कानून के प्रावधानों और विवेचना में निष्पक्षता पर आधारित रहा। कार्यशाला में पुलिस अधिकारियों, कानून के जानकारों, समाजसेवियों और विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए।

पुलिस मुख्यालय स्थित पुलिस ऑफिसर्स मेस के पारिजात हॉल में आयोजित इस कार्यशाला के पहले सत्र में उत्तर प्रदेश पुलिस के एडीजी जीके गोस्वामी ने विस्तार से साक्ष्यों को जुटाने और उनकी कड़ी से कड़ी जोड़कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विवेचना के दौरान पारदर्शिता रखें ताकि पीड़ितों को उचित न्याय मिल सके और किसी निर्दोष को सजा न हो। कार्यक्रम में विशेष रूप से एडीजी (ट्रेनिंग) श्रीमती अनुराधा शंकर प्रमुख रूप से उपस्थित थीं। कार्यशाला के सभी सत्रों का संचालन परिमल के सचिव एवं डीसीपी डॉ. विनीत कपूर ने किया।




सत्र के आरंभ में उत्तर प्रदेश पुलिस के एडीजी डॉ. जी. के. गोस्वामी ने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना के दौरान पीड़ित सबसे पहले न्याय की मांग करता है। न्याय पाने के लिए सबसे पहले हमें उसकी सच्चाई तक पहुंचना होता है। इसमें जरूरी है सबूत। तथ्यों के पीछे छिपे सच को उजागर करने में साक्ष्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सत्य की बिनाह पर ही हम न्याय तक पहुंचेंगे। उन्होंने जेआरएफ शब्द को न्याय के रूप उल्लेखित करते हुए कहा कि यहां जे का अर्थ है जस्टिस। काम ऐसा हो कि किसी के साथ अन्याय ना हो। आर का अर्थ है रीजनल। हम कोई भी बात कहें तो उसमें तर्क हो। अदालतों में केवल तर्क दिए जाते हैं। इसी के आधार पर अधिवक्ता, जज को कन्वेंस करने का प्रयास करते हैं तभी न्याय तक पहुंचा जाता है। एफ का अर्थ है फेयरनेस यानी पारदर्शिता। यदि आप किसी विषय के पक्षधर हैं तो वो चीज कभी उचित नहीं हो सकती। हम जो सबूतों का वर्गीकरण करते हैं वो प्राइमरी और सेंकेंडरी होते हैं। जो व्यक्ति चश्मदीद है वही प्राइमरी एवीडेंस कहलाता है। शेष सभी सेकेंडरी एवीडेंस कहलाते हैं। कई बार चश्मदीदों के आधार पर ही जरूरी नहीं है कि हम न्याय की ओर बढ़ पाएं। वर्ष 2014 से 2019 में हुए रेप के प्रकरणों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 60 फीसदी मामलों में आरोपी छूट जाते हैं। इसके पीछे दो कारण हो सकते हैं या तो आरोपी बेकसूर था या सबूतों के अभाव में उन्हें छोड़ दिया गया। इसी तरह पॉक्सो एक्ट के मामले में भी है। इस 60 फीसदी गेप को कैसे दूर किया जाए। कई बार विवेचना के दौरान एक पक्ष का साथ देने से निर्दोष भी दोषी करार दे दिए जाते हैं। दरअसल वे आरोपी भी एक तरह से पीड़ित हुए। यौन उत्पीड़न के मामलों में विवेचना पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि विवेचना में यह ध्यान रखें कि कड़ियां एक-दूसरे से मजबूती से जुड़ें, ताकि आरोपी को इसका फायदा ना मिल सके। इस दौरान उन्होंने विभिन्न धाराओं और अधिनियमों के बारे में जानकारी दी। विवेचना में साक्ष्यों को जुटाने में फॉरेंसिक साइंस के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

**पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए साक्ष्य जुटाने पर दिया जोर:** दूसरे सत्र में भोपाल के सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी, रीजनल फारेंसिक साइंस लैब भोपाल के साइंटिस्ट डॉ. ए. के. सिंह, एडीपीओ मनीषा पटेल, एडवोकेट श्री रजनीश बरैया, सिविल सोसायटी वर्कर अर्चना सहाय, यूनिसेफ के पॉक्सो ट्रेनर श्री अमरजीत, एसीपी निधि सक्सेना, भोपाल सिविल सोसायटी वर्कर एक्टिविस्ट सौम्या सक्सेना, पिरामल फाउंडेशन की स्वाति सिंह उपस्थित रहे। पर्सपेक्टिव एंड परसूट्सस ऑफ जस्टिस के अतंर्गत री-विक्टिमाइजेशन थ्रू द प्रोसेस ऑफ एवीडेंस कलेक्शन इन हॉस्पिटल एंड हेल्थ फेसिलटी और पॉक्सो एंड लॉ इन्फोर्समेंट प्रॉब्लम्स इन इंवेस्टिगेशन एंड जस्टिस डिलीवरी थीम पर पैनलिस्ट ने विचार रखे।

# राहुल की संसद सदस्यता जाने पर भोपाल में मुंह परताला लगाकर बैठे कांग्रेसी, प्रदर्शन जारी

भोपाल। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द होने से पार्टी कार्यकर्ता नाराज हैं। आज प्रदर्शन का दूसरा दिन है। भोपाल में मप्र कांग्रेस कमेटी दफ्तर के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुंह पर काली पट्टी बांधकर और उस पर ताला लगाकर मौन प्रदर्शन किया। कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता दीप्ति सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की तानाशाह सरकार विपक्ष पर ताला लगाकर रखना चाहती है।

खंडवा में राहुल गांधी के समर्थन में भाजपा दफ्तर का घेराव करने पहुंचे 20 से ज्यादा कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सभी को थाना कोतवाली ले जाया गया। यहां पुलिस ने धारा 151 में कार्रवाई की बात कही, तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। दरअसल, मानहानि के एक केस में दो साल की सजा होने के बाद केरल के वायनाड से लोकसभा सांसद राहुल की सदस्यता खत्म कर दी गई। इसी को लेकर देशभर में कांग्रेसियों में गुस्सा देखा जा रहा है। राहुल ने 2019 में कर्नाटक की सभा में मोदी सरनेम को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था- सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है। भोपाल में हुए प्रदर्शन में पूर्व विधायक जितेंद्र मन्नू डागा, अरुण श्रीवास्तव, कैलाश मिश्रा, आनंद तारण, दीप्ति सिंह, विभा पटेल, संतोष कसाना, संतोष परिहार, संगीता शर्मा, पुनीत टंडन आदि शामिल रहे।

# धरपकड़ कार्यवाही कर शाहपुरा पुलिस ने 2 शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजधानी भोपाल की शाहपुरा थाना द्वारा धरपकड़ कार्यवाही कर दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर सफलता हासिल की। शाहपुरा थाना प्रभारी अवधेश सिंह भदौरिया ने बताया कि शहर में लूट व चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश अनुसार यह बड़ी कार्यवाही की गई।

पुलिस ने बताया कि दिनांक 24 मार्च 2023 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मल्टी इंदिरा नगर में शिव मंदिर के पास दो लड़के पीतल के पुराने बर्तन बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल टीम बनाकर दोनों आरोपियों की घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया। पुलिस को उनके पास से पीतल की हांडी, पीतल का जग तथा पीतल की बड़ी थाल बरामद की। पुलिस में बताया कि चोरी किए गए पीतल के बर्तन की कीमत लगभग 35000 हो सकती है। पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ में दोनों आरोपियों की पहचान रितिक अददे उर्फ चुगगा बलाई पिता राजेश अददे 19 निवासी बीडीए कॉलोनी हबीबगंज तथा एक नाबालिग बताया गया है।

दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 2 माह पूर्व रघुनाथ नगर तथा 2 दिन पहले रोहित नगर में अपने नाबालिग साथी के साथ इन चोरियों की वारदातों को अंजाम दिया। दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# रोजगार मेले में 16345 युवाओं को मिला रोजगार

**भोपाल** । जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को 24 युवाओं को रोजगार के लिए सांकेतिक रूप से स्वीकृति पत्र रोजगार बोर्ड के अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा द्वारा प्रदान किए गए।कार्यक्रम में नीमच में मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में हुए कार्यक्रम को देखा गया। जिला महाप्रबंधक उद्योग कैलाश मानकर ने बताया कि इस वित्त वर्ष में 16345 प्रकरणों में 279 करोड के ऋण स्वीकृत एवं वितरण किया गया है।

कार्यक्रम का आयोजन जिले में आईटीआई गोविन्दपुरा में शैलेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष रोजगार निर्माण बोर्ड म.प्र. भोपाल के मुख्य अतिथ्य एवं हरबिन्दर सिंह, संचालक, कौशल विकास म.प्र. भोपाल तथा संजीव श्रीवास्तव मुख्य कार्यपालन अधिकारी, म.प्र. राज्य कौशल एवं निर्माण बोर्ड भोपाल राजगोपाल अयंगर, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया भोपाल, श्री कृष्णा गोलाइत, प्राचार्य गोविंदपुरा की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं जैसे की मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, टटया मामा आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत भोपाल जिले में वर्ष 2022-23 में 16345 प्रकरणों में 279. 00 करोड के ऋण स्वीकृत एवं वितरण किया गया है। इनमे से 24 चयनित लाभातियों को आज सांकेतिक रूप से स्वीकृति पत्र एवं चैक प्रदान किये गये ।

# एम्स के डॉ. रेवदी और डॉ. अनंतकृष्णन एम को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

17 से 19 मार्च के मध्य विदिशा के सम्राट अशोक प्रौद्योगिकी संस्थान में 38वीं मध्य प्रदेश युवा वैज्ञानिक कांग्रेस का आयोजन किया गया। इस कांग्रेस में एम्स, भोपाल के समुदाय एवं परिवार चिकित्सा विभाग (सीएफएम) से डॉ. रेवदी, सीनियर रेजिडेंट और डॉ. अनंतकृष्णन एम, जूनियर रेजिडेंट ने सीएफएम विभाग के अपर प्राध्यापक, डॉ. अभिजीत पी पखारे के मार्गदर्शन में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

डॉ. रेवदी जी. ने अपने अध्ययन के निष्कर्षों को ऋसामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को प्रभावित करने वाली प्रणालीगत बातचीत की गुणात्मक खोजऋ शीर्षक से प्रस्तुत किया। उनके शोध निष्कर्षों में ज्ञान और कौशल की कमी को दूर करने के लिए चयनित कार्यों और ब्लॉक स्तर पर पुनश्चर्या प्रशिक्षण के लिए खर्च किए गए समय के अनुपात में सीएचडब्ल्यूज् के प्रोत्साहन को बढ़ाने के लिए नीतिगत निहितार्थ थे। साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था के स्तर से पहचान पत्रों के वितरण, तत्काल आंगनबाड़ी या पंचायत स्तर पर अतिरिक्त जगह की व्यवस्था और उन्हें सशक्त बनाने के लिए विशेष स्तर पर विचार किया जा सकता है।डॉ. अनंतकृष्णन.एम ने मध्य प्रदेश के एक ग्रामीण ब्लॉक में स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (एचडब्ल्यूसी) और इसके निर्धारकों की तकनीकी दक्षता शीर्षक से अपने शोध निष्कर्ष प्रस्तुत किए। उनके शोध निष्कर्षों में नीतिगत निहितार्थ थे जिनमें सहकर्मी समूह एचडब्ल्यूसीज् की पहचान शामिल थी, जिन्हें अपेक्षाकृत अक्षम एचडब्ल्यूसीज् अपनी दक्षता में सुधार के लिए देख सकते हैं। अध्ययन ने एक ब्लॉक के भीतर सहायता प्रदान करने के लिए एचडब्ल्यूसी की पहचान और प्राथमिकता के लिए तकनीकी दक्षता को मापने की व्यवहार्यता और उपयोगिता का प्रदर्शन किया था।

## डॉ. दिव्यभूषण को सम्मानित किया गया



एम्स भोपाल के फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग में सीनियर रेजिडेंट डॉ. दिव्यभूषण को 38वें यंग साइंटिस्ट कांग्रेस में युवा वैज्ञानिकों के प्रशिक्षण के लिए फैलोशिप से सम्मानित किया गया है । कांग्रेस में भाग लेने वाले युवा वैज्ञानिकों के शोध और अकादमिक उपलब्धियों के आधार पर फेलोशिप प्रदान की गई है । कार्यपालक निदेशक प्रो डॉ अजय सिंह ने डॉ. दिव्यभूषण को इस उपलब्धि हेतु बधाई दी । फैलोशिप विभिन्न लाभों के साथ आती है, जिसमें युवा वैज्ञानिकों के लिए पूरी तरह से वित्त पोषित प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल है, जो

## विश्व टीबी दिवस सीएमई का आयोजन



**भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा पिछले कुछ वर्षों से नियमित रूप से विश्व टीबी दिवस मनाया जाता रहा है। और आज भी, क्षय रोग के प्रबंधन में सुधारविषय पर एक सीएमई का आयोजन किया गया।उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता प्रो. अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक, एम्स, भोपाल ने की। जिन्होंने सुझाव दिया कि टी.बी. उन्मूलन के लिए हम सभी को एक साथ आकर हमारे माननीय प्रधान मंत्री, जो व्यक्तिगत रूप से टीबी उन्मूलन के कार्य की देखरेख कर रहे हैं, के नेतृत्व में टीबी उन्मूलन में अपना योगदान देना चाहिए। संस्थागत टीबी कोर कमेटी की अध्यक्ष के रूप में चिकित्सा अधीक्षक प्रो. मनीषा श्रीवास्तव ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए टीबी रोगियों की बेहतरी के लिए एम्स में प्रदान की जा रही सेवाओं से अवगत कराया। इस दौरान प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित किए गए।

## स म्पा द की य

# राजनीति में टकराव तो बढ़ेगा..!

देश में शायद पहली बार किसी को मानहानि के मामले में अधिकतम सजा हुई। और सजा के आदेश को एक माह तक रोके जाने के बाद भी जिस तेजी से लोकसभा सचिवालय ने संसद की सदस्यता रद्द की, वह तो भारत के लोकतंत्र के इतिहास की पहली घटना होगी। लेकिन क्या इससे कोई नेता या पार्टी सत्ता के दबाव में आएगी? क्या विपक्ष को एकजुट होने का मौका नहीं दे दिया गया? और क्या इससे भारत में लोकतंत्र की डगमगाती कश्ती के पूरी तरह से डूब जाने का खतरा पैदा नहीं हो गया? लोग तो एक और सवाल उठा रहे हैं, कहीं आपातकाल का ही एक और दौर देश देखने वाला तो नहीं?

मानहानि के एक मामले में सूरत कोर्ट का फैसला आने के बाद जिस तेजी से लोकसभा सचिवालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने का ऐलान किया, वह भारतीय राजनीति के लिए नई चीज है। नया उदाहरण है और हमारी लोकतांत्रिक पद्धति के लिए नया अध्याय है। हालांकि जो हुआ, वह नियम-कानून के अनुरूप ही बताया जा रहा है। यह बात भी दिलचस्प है कि जिस कानून के तहत राहुल गांधी की संसद सदस्यता छिनी है, वह 2013 में खुद उन्हीं के हस्तक्षेप के बाद बना था। तब राहुल गांधी ने तत्कालीन यूपीए सरकार द्वारा लाए जा रहे इस कानून से राहत दिलाने से संबंधित अध्यादेश की कॉपी सार्वजनिक तौर पर फाड़ दी थी।

इस लिहाज से विरोधी यह तर्क दे सकते हैं कि जिस कानून की हिमायत खुद राहुल गांधी ने इतनी शिद्दत से की थी, उसके लागू होने पर कांग्रेस इतनी हाय-तौबा क्यों मचा रही है। लेकिन यह सिक्के का सिर्फ एक पहलू है। लोकतंत्र में कानून की बारीकियों की अहमियत तो होती है, लेकिन यह सवाल भी कम महत्वपूर्ण नहीं होता कि आम लोग किसी मुद्दे को किस रूप में देखेंगे। और आम लोगों के नजरिए से इस सवाल को अनदेखा करना मुश्किल है कि अपराध चाहे जो भी हो, खुद अदालत ने भी सजा पर अमल से पहले इसके खिलाफ अपील के लिए राहुल गांधी को 30 दिनों की मोहलत दी थी। ऐसे में लोकसभा सचिवालय ने उनकी संसद सदस्यता रद्द करने में जो जल्दबाजी दिखाई है, उसका सरकार के साथ चल रही उनकी तनातनी से रिश्ता नहीं है, यह बात लोगों को समझाना बीजेपी के लिए आसान नहीं होगा। कांग्रेस नेताओं की शुरुआती प्रतिक्रिया भी इस बात की पुष्टि करती है कि वे सबसे ज्यादा जोर इसी पहलू पर देंगे।

सत्तापक्ष इस पूरे मामले को ओबीसी यानि पिछड़ा वर्ग के अपमान से जोड़ रहा है और यही मुद्दा जनता के बीच लाया जा रहा है, जबकि राहुल गांधी के पक्षधर कह रहे हैं कि उन्होंने किसी जाति का नाम नहीं लिया। और जिस सरनेम की बात की जा रही है, उस सरनेम वाले केवल ओबीसी ही नहीं, अपितु जैन व अन्य समुदाय के लोग भी लिखते हैं। और फिर, उन्होंने यह भी नहीं कहा कि इस सरनेम वाले सभी चोर हैं, उनका कहना था कि जितने चोर हैं, वो इस सरनेम वाले ही क्यों निकलते हैं। जनता पर किसकी बात का ज्यादा असर होने वाला है, यह साफ होने में थोड़ा वक्त लगेगा। लेकिन जिस तरह से इस प्रकरण ने विपक्ष की तमाम पार्टियों को राहुल गांधी के समर्थन के लिए मजबूर कर दिया है, वह बीजेपी के लिए एक अतिरिक्त चुनौती तो हो ही गया है। इसके अलावा इस पूरे प्रकरण का एक और अहम पहलू है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

यह महत्वपूर्ण पहलू है लोकतंत्र में बयानों का। पहले भी बयानों में ही नहीं, चुनावों के दौरान भी चोर ही नहीं और भी शब्द बाकायदा उपयोग में लाए जाते रहे हैं। इसी विपक्ष में बैठे लोगों ने इससे भी गंभीर आरोप लगाए हैं, अपमान करने वाले शब्दों का प्रयोग किया है। यह भी ध्यान रहे, राहुल गांधी के जिस बयान को लेकर संसद में गतिरोध का ताजा दौर शुरू हुआ, वह विदेश में दिया गया था और उसका सार यही था कि भारत में लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। यहां उस बयान से अलग शब्दों का प्रचार किया गया और किया जा रहा है। देश की पढ़ी-लिखी जनता ऐसे बयानों के मूल वीडियो देख ही लेती है, अब जो लोग बिना देखे, बिना पढ़े सोशल मीडिया और चैनलों पर चीखते हुए नेताओं के बयान ही सुनते हैं, उन पर विश्वास कर लेते हैं, उनका कुछ नहीं हो सकता।

सरकार के लिए जरूरी था कि वह अपने व्यवहार से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनने वाली इस धारणा को अप्रासंगिक या निरर्थक साबित करे। चिंता की बात यह है कि सही हो या गलत, विपक्षी नेताओं पर कानून व्यवस्था का कसता शिकंजा लोकतंत्र की मजबूती का संदेश नहीं देता। यही नहीं, न्याय व्यवस्था से लेकर तमाम एजेंसियों को लेकर भी लोगों के मन में संदेह उत्पन्न होना स्वाभाविक है। आप अपनी विचारधारा के लोगों को समझा सकते हैं, जनहित के मूल मुद्दों से भटकने वाले और आसानी से बहकावे में आने वाली मानसिकता के लोगों को बहका सकते हैं, पर सबको नहीं। लोग देख रहे हैं। सुन रहे हैं। यह बात और है कि हमारी जनता जागती देर से है। राहुल गांधी अपराधी हैं या नहीं, आज कानून भले ही अपनी व्यवस्था दे, लेकिन लोगों का कानून में कितना विश्वास है, यह कहने की बात नहीं। फिर भी, इस नए मामले से जहां लोकतंत्र पर बहस तेज होगी, वहीं सत्तापक्ष और विपक्ष में टकराव और अधिक बढ़ना तय है। इसका आगामी चुनाव पर कितना प्रभाव पड़ेगा, यह भविष्य की बात है।

# इंदौर अभय जी के दिल में धड़कता था



कैलाश विजयवर्गीय

अभय जी छजलानी के साथ अपनी यादों को उसी तरह से लिपिबद्ध किया जा सकता है, जैसे उन्होंने कभी नईदुनिया में किया था— गुजरता कारवां लिखकर शहर के मसलों पर इतना विस्तृत चिंतन और लेखन तब तक तो किसी ने नहीं किया था। उनसे जुड़े तमाम लोगों के पास इसी तरह यादों का विशाल भंडार होगा, क्योंकि संस्था रूप में जिस व्यक्ति ने करीब चार दशक तक इंदौर, देश, दुनिया को सूक्ष्म दृष्टि से देखने, विश्लेषण करने, समाधान प्रस्तुत करने और उससे तादात्म्य बिठा लेने की खूबी जो थी अभय जी में। पत्रकारिता और इंदौर के गौरव की एक महत्वपूर्ण कड़ी का टूटकर अलग होना अखरेगा तो सही।




यूं देखा जाए तो अभय जी के साथ जब दिल के तार नहीं जुड़े थे, तब हम दोनों के मन में एक—दूसरे के प्रति मत भिन्नताएं थीं, लेकिन 1999 में इंदौर का महापौर बनने के बाद जब उनसे संवाद—मुलाकात होने लगी तो यह खाई ऐसे पट गई, जैसे कभी थी ही नहीं। तब मैंने जाना कि शहर के मसलों पर उनके मन में कमतरी के प्रति टीस और निवारण के प्रति उत्साह रहता था। हमारी परिषद और मेरी भी आलोचना, सुझाव और प्रशंसा में कभी कंजूसी नहीं की। मेरे अनेक कामों को सराहते हुए संपादकीय लिखे।

एक वाकया याद आता है। मैंने बच्चों से शास्त्री पूल की दीवारों पर चित्रकारी करवाई थी। कुछ ही समय बाद एक बड़े कांग्रेसी नेता के आगमन पर उसे मिटाकर नारे लिख दिए। अभय जी इससे बेहद व्यथित हुए, जिसका जिक्र तो उन्होंने मुझसे किया ही, इस प्रवृत्ति के खिलाफ संपादकीय भी लिखा। मुझे लगता है, उसके बाद शहर की दीवारों पर राजनीतिक लेखन बंद हो गया।

अभय जी की एक बात का खास तौर से उल्लेख करना चाहूंगा। वे अखबार में सपाट ढंग से किसी भी सम्मानित, जिम्मेदार व्यक्ति का नाम लिखना नापसंद करते थे। जैसे—अटल विदेश दौरे पर। वे लिखते थे अटल जी विदेश दौरे पर। नईदुनिया ने उनके संचालन कार्यकाल में हमेशा इस मर्यादा का पालन किया। वे कहते थे, सीधे नाम लिखना विदेशी तरीका है, जो भारतीय संदर्भ में अपमानजनक और अमर्यादित है। वे हिंदी पत्रकारिता में इस तरीके को अपना लिए जाने से असहज महसूस करते थे।

दरअसल, अभय जी छजलानी और नईदुनिया एक लंबे समय तक इंदौर की धड़कन की तरह थे। वे शहर की बेहतरी के लिए खबर, संपादकीय से आगे जाकर व्यक्तिगत पहल करते थे। इंदौर में नर्मदा के पानी को लाने के आंदोलन और बिक चुके राजबाड़ा को सरकार द्वारा अधिगृहीत कर लिए जाने तक चले आंदोलन को नईदुनिया ने जबरदस्त समर्थन दिया। इन्हीं कारणों से अभय जी और उनके कार्यकाल वाला नईदुनिया इंदौर के दिल में सदैव धड़कते रहेंगे।

# मेरा नाम विक्रम वर्मा अभय जी की ही देन



विक्रम वर्मा

अभय छजलानीजी का निधन हिंदी पत्रकारिता के लिए एक ऐसी क्षति है, जिसकी पूर्ति कभी संभव नहीं। वे सिर्फ अच्छे पत्रकार और संपादक ही नहीं, बल्कि भविष्य को समझने वाले भी बेहतरीन व्यक्ति भी थे। वे जानते थे कि राजनीति का कौन सा कदम सही है और कौन सा नहीं! प्रदेश की राजनीति पर भी उनकी पकड़ का वक्त मैंने देखा है। ये सिर्फ उनकी संपादकीय शैली वाले अखबार का ही कमाल नहीं था, बल्कि उनकी अपनी राजनीतिक समझ भी जबरदस्त थी।

मेरा और उनका साथ 60 के दशक के शुरूआती सालों से ही था। ये तब की बात है, जब 'नईदुनिया' कड़ावघाट इलाके से निकलता था और सुबह से शाम तक वहां नेताओं का जमघट सा लगा रहता था। तब मैं क्रिश्चियन कॉलेज में था और एक वक्ता के रूप में मेरी पहचान बन रही थी, तब भी मुझे अभय जी से बहुत सपोर्ट मिला। वे नए विषयों पर विचार विमर्श करते, दुनिया में क्या चल रहा है इस पर बात करते और राजनीति पर लम्बी बात करते! तब आज की तरह ख़बरों की तेज दुनिया नहीं थी इसलिए अखबार ही ख़बरों का जरिया हुआ करते थे। अभय जी के पास बैठने का एक फ़ायदा ये होता था कि कई नई जानकारियां एक दिन पहले ही मिल जाया करती थी।

ये वो समय था जब अभय जी लंदन से थॉमसन इंस्टीट्यूट से पत्रकारिता की पढाई करके आए थे। उन्हें पता था कि दुनिया में पत्रकारिता का नया ट्रेंड क्या है? एक बार मैं और महेश जोशी उनके पास बैठे थे। हम अखबार के लिए एक विज्ञप्ति देने गए थे, जिसमें दोनों का नाम था। उन्होंने हम दोनों के नाम देखे! तब हम अपने नाम विक्रम सिंह वर्मा और महेशचंद्र जोशी लिखा करते थे। अभय जी ने हमें समझाया कि यदि भविष्य में तुम दोनों को राजनीति करना है, तो अपने नाम छोटे करो। इतने बड़े नाम लोगों के जहन में नहीं चढ़ते!



उसी समय अभय जी ने विज्ञप्ति में काटकर मेरा नाम 'विक्रम वर्मा' कर दिया उनका महेश जोशी कर दिया! तब से हम दोनों ने इसी नाम को अपना लिया। आज भी मतदाता परिचय पत्र और आधार कार्ड में मेरा नाम 'विक्रम सिंह वर्मा' ही है, पर राजनीति में इसका लघु रूप! दरअसल, ये अभय जी की भविष्यद्रष्टा नजर थी कि उन्होंने हम दोनों का राजनीतिक भविष्य भांप लिया था।

जहां तक मेरी बात है, मुझे उनका हर मामले में सपोर्ट मिलता रहा! कई बार वे मार्गदर्शन भी देते रहे कि मैं कौन सा मुद्दा उठाऊं क्या किसे छोड़ दूं! इसलिए कि वे हर मुद्दे का भविष्य जानते थे और उसके संभावित नतीजों से भी वाकिफ थे। जब मैं राज्य और केंद्रीय मंत्रिमंडल में खेल मंत्री बना, तब भी मेरी उनसे मुलाकात होती रही! क्योंकि, खेलों के प्रति उनका समर्पण जगजाहिर था, खासकर टेबल टेनिस को तो उन्होंने बहुत आगे बढ़ाया।

जब मैं प्रदेश में खेल मंत्री था, तब क्रीड़ा समिति में दो लोगों को मनोनीत करना मैं कभी नहीं भूला! एक थे अभय जी और दूसरे मुश्ताक अली खान। इंदौर में उत्कृष्ट खिलाड़ियों के चयन का मामला हो या इंदौर से संबंधित कोई और मामला, अभय जी ने हमेशा सरकार का सहयोग किया। यही कारण है कि अभय जी के चले जाने से इंदौर को नुकसान हुआ उसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

उन्होंने 'नईदुनिया' के जरिए और अपने व्यक्तिगत प्रयासों से इंदौर के लिए जो कुछ किया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता और न इंदौर भूल सकता है। इंदौर को भी उनका ऋणी रहना चाहिए कि कोई एक व्यक्ति किसी शहर के लिए क्या कुछ कर सकता है। वे इंदौर के विकास के लिए हमेशा चिंतित रहने के साथ सोचते भी रहते थे। लोगों को भले ही इंदौर में नर्मदा का पानी लाने में उनका योगदान याद हो, पर ऐसे कई मामले हैं जिनमें उनका परोक्ष या अपरोक्ष योगदान रहा है। अब ये इंदौर के लोगों की जिम्मेदारी है कि उनकी स्मृति को अक्षुण्ण रखने के लिए वे क्या कदम उठाते हैं।

# "कानून व्यवस्था" व "न्यायिक निर्णय"! राजनीतिक अर्थ व परिणाम

**राजीव खंडेलवाल**

न्यायालय के निर्णय व कानून व्यवस्था को लेकर देश में हाल-फिलहाल दो प्रमुख घटनाएं घटित हुई है, जिनकी राजनीतिक प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक ही है। क्योंकि यही तो देश की राजनीति का बिंब बन गया है। जहां कानून व न्यायिक प्रक्रिया में भी सियासी सियासत देखी जा सकती है। यह प्रतिक्रिया चुनावी वर्ष में कहां तक जाएगी, यह देखने-समझने की बात होगी।

दो दिन पूर्व ही दिल्ली में "मोदी हटाओ देश बचाओ" नारे लिखे हुए हजारों पोस्टर लगे। दिल्ली पुलिस ने आनन-फानन में कुछ पोस्टर हटाये तो कुछ पोस्टरों की जब्ती भी हुई और 138 से एफआईआर दर्ज हुई। इसमें से 36 एफआईआर पोस्टर में लिखे नारे को प्रधानमंत्री के विरुद्ध मानते हुए दर्ज की गई। 6 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया, उन्हें जमानत भी मिल गई। दूसरा मामला सूरत में मुख्य न्यायिक न्यायालय में सूरत के विधायक पुर्णेश मोदी द्वारा दायर "मानहानि" के प्रकरण में राहुल गांधी को 2 साल की अधिकतम सजा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एच एच वर्मा ने सुनाई। "ऊंचे गढ़ों के ऊंचे कंगूरे"। दोनों ही मामले प्राथमिक व मूल रूप से "न्याय" व "कानून व्यवस्था" से संबंधित मामले हैं, जिन पर सामान्यत: राजनीति नहीं की जानी चाहिए नहीं होनी चाहिए, बल्कि न्यायालयीन प्रक्रिया का पालन करके दोषी ठहराए जाने वाले निर्णय का सामना करना चाहिए तथा कानून लागू करने वाली पुलिस की कार्रवाई के हाथ मजबूत करना चाहिए।

भाजपा और पुलिस प्रशासन द्वारा पोस्टर लगाने के मामले में कहा गया कि पोस्टरों में न तो प्रिंटिंग प्रेस का नाम है और न ही प्रकाशक का नाम है। डिफेसमेंट एक्ट और प्रिंटिंग प्रेस एक्ट कानून का यह स्पष्ट उल्लंघन है। इसलिए कानूनी कार्रवाई की गई है। यानी कि "ऐब हो तो हुनर के साथ, वरना गुनाहे बेइज्जत" हो जाता है। प्रत्युत्तर में 'आप' सांसद संजय सिंह से लेकर आप पार्टी के नेताओं ने इस बात का खंडन नहीं किया है कि उक्त कानूनी उल्लंघन उक्त पोस्टर छपवाने से लेकर प्रसारित करने में हुआ है। तथापि उनके द्वारा यह अवश्य कहा गया कि यह राजनीतिक लड़ाई है। पर्चे में गलत क्या लिखा है? "मोदी हटाओ देश बचाओ" यह नारा राजनीतिक पार्टी का लोकतांत्रिक अधिकार है। क्या यही लोकतंत्र है? "आज की कसौटी बीता हुआ कल होता है"। बताइए, इसके पहले कितनी बार पुलिस ने इस तरह के पोस्टरों को हटाने की ऐसी ही कार्रवाई की। अभी प्रत्युत्तर में जो पोस्टर "अरविंद केजरीवाल को हटाओ दिल्ली बचाओ" के नारे के साथ लगाए हैं, उनको हटाया गया है क्या? संजय सिंह के द्वारा कानून के उल्लंघन के संबंध में कोई स्पष्टीकरण न दिए जाने से यह समझा जा सकता है, माना जा सकता है कि पुलिस ने जो कानून के उल्लंघन के तथ्य का उल्लेख किया है, वह सही हो सकता है। परंतु इस कानूनी उल्लंघन के मौजूद होने के बावजूद एक राजनीतिक प्रश्न कानूनी कार्रवाई पर जरूर उठ सकता है? प्रश्न यह है क्या इस तरह की उल्लंघन में ने पुलिस के पूर्व में इतनी ही त्वरित कार्रवाई की? या कि इसी मामले में "छींकते ही नाक कटी"?

मामला सिर्फ प्रिंटिंग प्रेस या प्रकाशक का नाम न होने का नहीं है, अथवा जो पोस्टर में लिखा गया है "मोदी हटाओ देश बचाओ" उस पर आपत्ति होने का है? क्या आपको ऐसा नहीं लगता है पुलिस ने जरूरत से ज्यादा जोश दिखाते हुए होश में न रह कर अपने आकाओं को खुशामदी करने के उद्देश्य से यह तुरंत-फुरंत कार्रवाई की गई है? इसे ही कहते हैं "टट्टे की ओट से शिकार करना"। मैं पुन: इस बात को रेखांकित करना चाहूंगा कि पुलिस की कार्रवाई करने के अधिकार अथवा की गई कार्रवाई पर कोई प्रश्नवाचक चिन्ह नहीं है। यह कानूनी प्रक्रिया है जो चल रही है। परंतु परिस्थिति, समय और तीव्रता को देखकर उक्त कार्रवाई से न्याय के उस सर्वमान्य सिद्धांत पर आक्रमण अवश्य होता है, जहां यह कहा जाता है कि "न्याय होना ही नहीं चाहिए बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए"।

अब बात दूसरे मामले राहुल गांधी की सजा की कर ले। यह न्यायिक प्रक्रिया है जिससे राहुल गांधी और उनके वकीलों ने भाग लेकर सुनवाई के अवसर का पूरा लाभ लेने के बावजूद न्यायालय ने उक्त सजा सुनाई है, तो निर्णय की राजनीतिक आलोचना करने के बजाए कानूनी प्रक्रिया अपनाकर अपील करके उक्त आदेश को चुनौती दी जाना चाहिए जो कि अभी की भी जाएगी। परंतु राहुल गांधी, उनके साथी व विपक्ष निर्णय पर न्यायालीन आदेश और उत्पन्न तथाकथित राजनीतिक द्वेष को संयुक्त रूप से जोड़कर प्रतिक्रिया व्यक्त करते समय फिर वही "आ बला गले लग जा" वाली गलती कर रहे हैं, जिस कारण से उन्हें अपने कथनों के कारण पुन: मानहानि या अवमानना के मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है। "आजमाए को जो आजमाए, नामाकूल कहलाए"। "आज की ठोकर कल गिरने से बचा सकती है"। न्यायालय के निर्णय से हटकर आपको उसके प्रभाव के राजनीतिक रूप व अर्थ निकालने के और राजनीतिक रूप से आलोचना करने का अधिकार है। परन्तु इसके लिए कृपया आलोचक गण उन दोनों के बीच लक्ष्मण रेखा अवश्य खींचे और न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हुए सिर्फ राजनीतिक दृष्टिकोण से राजनेताओं की चमड़ी उधेड़ें। लेकिन आगे न्याय प्रणाली प्रक्रिया में दिए गए कानून के अधिकारों का प्रयोग कर निचली अदालत के निर्णय पर रोक के आदेश ऊपरी सक्षम न्यायालय से लावे।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा की क्या इस बात के लिए प्रशंसा नहीं की जानी चाहिए कि उसने देश के विपक्ष के सबसे बड़े नेता के विरुद्ध किसी भी तरह की ढील (लीनियंसी) न बरतते हुए कानून के प्रावधान के अनुसार ऐसे व्यक्ति जो वरिष्ठ सांसद हैं और अपराध करते समय देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, के द्वारा कानून का उल्लंघन करने पर अधिकतम 2 साल की सजा देकर एक मील का पत्थर उन प्रभावशाली बड़े लोगों के लिए स्थापित किया है, जो "औरों को नसीहत और खुद मियां फजीहत" हैं और जिनके बाबत यह कहा जाता है की कानून की मुट्ठी उनके हाथों में होती है और वे कानून की कोई परवाह नहीं करते हैं। अभी तक के न्यायिक इतिहास में यह शायद यह पहला मामला होगा जहां अवमानना के मामले में अधिकतम सजा 2 वर्ष की दी गई हो। सामान्यतया तो माफी मांग लेने पर प्रकरण समाप्त कर दिया जाता है या फाइन लगाया जाता है। विस्तृत कारण के साथ पारित इस आदेश से आम जनता के मन में इस बात का विश्वास जरूर बनेगा कि कानून सबके लिए बराबर है जैसा कि कहा जाता है प्राय: लेकिन होता हुआ दिखता नहीं रहा है।

कोर्ट ने उन्हें आपराधिक मानहानि केस में दोषी बताते हुए 2 साल कैद की सजा सुनाई। हालांकि राहुल की सजा को कोर्ट ने 30 दिन के लिए निलंबित रखते हुए जमानत दे दी। उन्हें ऊपरी अदालत में जाने का मौका दिया गया। कोर्ट में दोषी करार दिए जाने के बाद राहुल गांधी से भी जज ने उनकी राय पूछी, जिस पर उन्होंने कहा कि एक नेता के तौर पर उन्होंने अपना काम किया। राहुल गांधी के वकील ने माफी मांगने से इंकार कर दिया। स्पष्ट है जब दोषी पाये जाने के बावजूद राहुल गांधी ने माफी मांगने से इंकार कर दिया तब देश के अपमान के मामले में जहां न तो उनके विरूद्ध कोई प्रकरण दर्ज हुआ है और न ही मुकदमा चलाया जाकर दोषी ठहराया गया है और न ही वह उच्चतम न्यायालय के नजर में "अपराध" है। तब संपूर्ण भाजपा एक स्वर से उनसे माफी मांगने की बात को अभी भी क्यों दोहरा रही है व संसद की कार्रवाई ठप कर रही है। क्या यह मांग कानूनन् है? नही।तो फिर राजनीतिक लड़ाई को राजनीतिक रूप से राजनीतिक जमीन पर लड़िए, "संसद राजनीति करने का मंच नहीं है"? यह बात विपक्ष से ज्यादा सत्ता पक्ष को समझनी होगी।

बात अब प्रतिक्रिया की भी ले ले! राहुल गांधी का ट्वीट 'महात्मा गांधी' का कथन मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है। सत्य मेरा भगवान है, अहिंसा उसे पाने का साधन। प्रश्न क्या सत्य वही है जो राहुल गांधी कहते है जैसा केजरीवाल का 'सत्य' का मामला है। अथवा न्यायालय ने जो निर्णय दिया है वह सत्य तब तक रहेगा जब तक उच्चतम न्यायालय द्वारा उक्त आदेश पर रोक नहीं लगा दी जाती है। प्रतिक्रिया से मल्लिकार्जुन खड़गे ने जज की निष्पक्षता पर सांकेतिक रूप से उंगली उठाई है। तब राहुल के वकीलों ने प्रकरण को दूसरे न्यायालय में स्थानांतरित करने के लिए आवेदन क्यों नहीं दिया? केजरीवाल की प्रतिक्रिया "गैर बीजेपी नेताओं और पार्टियों पर मुकदमे करके उन्हें खत्म करने की साजिश हो रही है। हमारे कांग्रेस से मतभेद हैं मगर राहुल गांधी जी को इस तरह मानहानि केस में फंसाना ठीक नहीं। इस निर्णय से असहमत हूं"। कुल संतुलन लिये हुए थी परन्तु उनका यह कहना गलत है कि राहुल के मानहानि के केस में फंसाना ठीक नहीं है। किरेन रिजिजू का बयान महत्वपूर्ण है जो तथ्यों के ज्यादा नजदीक है। उनका कथन है "राहुल गांधी" के बयान से कांग्रेस व पूरे देश पर गलत असर पड़ता है। इससे कांग्रेस को ही नुकसान हो रहा है।

अभी अभी लोकसभा अध्यक्ष ने राहुल गांधी की संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी है। लेकिन विषय यह है कि ट्रायल कोर्ट द्वारा अपने फैसले को अपील करने के लिए 30 दिन के लिए स्थगित किया जाकर 30 दिन के लिए सजा (दंड सेंटेंस) स्थगित की गई परन्तु दोष सिद्धि (कंवेक्शन) नहीं तब ऐसी स्थिति में स्पीकर का धारा 8 (3) के अंतर्गत आदेश कानूनी रूप से बिल्कुल सही है।

तथापि केरल उच्च न्यायालय का हाल ही का उदाहरण है, जहां लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल को हत्या के प्रयास के मामले में सजा होने से लोकसभा सचिवालय द्वारा उन्हे अयोग्य घोषित किए जाने के बाद चुनाव आयोग को उपचुनाव की अधिसूचना को केरल हाईकोर्ट ने रोक दिया। क्या उक्त निर्णय को देखते हुए स्पीकर द्वारा अगले कुछ दिन न्यायालयीन प्रक्रिया के अंतरिम निर्णय की राह नहीं देख सकते है? यह कानून से ज्यादा राजनीतिक व नैतिक प्रश्न है।

इस अयोग्यता के आदेश का एक परिणाम यह भी होगा कि अब लोकसभा में राहुल गांधी को न तो माफी मांगनी पड़ेगी और न ही भाजपा की यह मांग रह जायेगी। प्रश्न तब भी यह है कि माफीनामा के इस अध्याय के न रहने पर राजनीतिक फायदा किसको होगा? और अब संसद में अडाणी मुद्दे पर जेपीसी के गठन पर बहस को रोकने के लिए कौन सा पैंतरा अपनाया जाएगा? कुछ समय इसके लिए इंतजार करना होगा।

# पानी बचाना सिर्फ़ सरकार का काम नहीं

**–राकेश दुबे**

सारे लोग इस तथ्य पर एकमत है कि पानी भी जीवन का एक आधार है फिर भी पानी के बारे में जानने की कोशिश नहीं करते। जल संरक्षण एक नागरिक के तौर पर भी हमारा दायित्व है। वास्तव में जीवन की मूलभूत आवश्यकता पानी है। मानव विकास के लिए पेयजल की सुनिश्चित उपलब्धता बहुत महत्वपूर्ण होती है। भारत जैसे देश के लिए पानी खासी अहमियत रखता है। दुनिया की कुल आबादी में से लगभग 18 प्रतिशत लोग और 15 प्रतिशत मवेशी भारत में रहते हैं। तुलनात्मक रूप से दुनिया की कुल जमीन में से हमारे पास मात्र 2 प्रतिशत भूमि और मीठे पानी के 4 प्रतिशत संसाधन हैं। अनुमानों के अनुसार, साल 1951 में मीठे पानी की प्रति व्यक्ति वार्षिक उपलब्धता 5177 घन मीटर थी जो 2019 में लगभग 1368 घन मीटर रह गयी, जो 2025 में घटकर संभवत: 1293 घन मीटर रह जाएगी। यदि यह गिरावट जारी रही तो वर्ष 2050 में मीठे पानी की प्रति व्यक्ति उपलब्धता घटकर 1140 घन मीटर ही रह जाएगी जो कि चिंता का विषय है।

देश की आबादी बढ़ने से पानी की खपत भी बढ़ रही है। भारत में पानी भू-जल के रूप में 28 प्रतिशत ही बचा है, जबकि पीने का पानी, खेती, उद्योग, सब में भू-जल का उपयोग कर रहे हैं। असल में जब तक निर्वहन और पुनर्भरण में संतुलन नहीं होगा, तब तक देश पानीदार नहीं बन सकता। कहने को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51ए (छ) के मुताबिक, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है- वनों, झीलों, नदियों और वन्य जीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना। कोई भी इस प्रावधान पर अमल करने को तैयार नहीं है।

कहने को भारत सरकार जल संरक्षण को लेकर प्रयास कर रही है। चाहे जल जीवन मिशन हो, अमृत सरोवर योजना हो या अटल भू-जल योजना हो। पंद्रह अगस्त, 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल जीवन मिशन की घोषणा की थी। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2024 तक हर घर को नल से जल देना है। उस समय भारत में सिर्फ 16.66 प्रतिशत घरों को नल से जल मिल रहा था। इसकी तुलना में अब 59.10 प्रतिशत घरों को नल से जल मिल रहा है। पानी के संचय को लेकर अमृत सरोवर योजना के माध्यम से 15 अगस्त, 2023 तक देश भर के प्रत्येक जिले में 75-75 तालाबों का निर्माण किया जाएगा। नए तालाब खोदे जाएंगे और पुराने पुनर्जीवित किये जायेंगे। इसी दिशा में एक अन्य कदम अटल भू-जल योजना है। इसके तहत देश के 7 राज्यों गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में भू-जल प्रबंधन में सुधार करना है।

यहां सवाल उठता है कि क्या सिर्फ सरकार के प्रयासों से जल संरक्षण हो पाएगा? सच तो यह है कि जब तक जन सहभागिता नहीं होगी, जल संरक्षण नहीं होगा। पानी हम सबकी साझी संपत्ति है। पानी के ऊपर सबका समान अधिकार है तो हमें जल संरक्षण की दिशा में मिलकर काम करना होगा ताकि आने वाली पीढ़ी को जल संकट का सामना न करना पड़े। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 में कई शहर ऐसे होंगे जहां जमीन के नीचे का पानी खत्म हो चुका होगा। देश की 6 प्रतिशत जीडीपी दर पानी न होने के कारण प्रभावित होगी। अब भी देश के महानगर चेन्नई में 2000 फुट गहरे तक पानी नहीं है।

पानी को लेकर हमारी मनःस्थिति अलग-अलग है। नल के जल की हम बेपरवाह होकर बर्बादी करते हैं क्योंकि हमें लगता है पानी मुफ्त में मिल रहा है। जबकि सच यह है कि सरकार हमें हमारे ही पैसों से पानी उपलब्ध करवाती है। प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व बनता है कि वह पानी बचाकर व संचित कर सरकारी पैसे का सदुपयोग करे। नल से जल का सही इस्तेमाल करे। ऐसे में सभी स्तरों पर जल संरक्षण की 5 आर रणनीति कारगर साबित हो सकती है। पहली, रिड्यूस यानी जल का व्यय कम करना, रियूज यानी जल का पुन: प्रयोग करना, रिचार्ज यानी वर्षा जल का संचय करना। रिसाइकिल यानी जल का पुनर्चक्रण करना। रिस्पेक्ट अर्थात जल का आदर करना।

सरकारी योजनाओं के साथ ही इस रणनीति को अपनाकर हरेक नागरिक की जल संरक्षण में सहभागिता सुनिश्चित हो सकेगी। मौजूदा व आने वाली पीढ़ियों को जल मिलता रहे, इसके लिए जल संरक्षण की दिशा में सबको मिलकर काम करना होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## उदयपुर स्थित राजा उदयादित्य महल का हुआ हुआ भूमिपूजन



गंज बासौदा से 16 किलोमीटर दूर उदयपुर स्थित राजा उदयादित्य महल रेनोवेशन( नवीकरण ) कार्य का भूमि पूजन 23 मार्च दिन गुरुवार को हुआ । जो इंटेक के अधिकारी राघव शर्मा की मौजूदगी में मेसर्स शिवशक्ति कंस्ट्रक्शन कम्पनी के ठेकेदार प्रमोद मिश्रा, अजय मित्तल सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।जिसमें कम्पनी के मानसिंह जादोन, नरेश गुप्ता,संजय शर्मा, नीलेश भार्गव, शिवदयाल दुबे,नीरज शर्मा, सौरभ दुवेदी मौजूद रहे । 06 मार्च हनुमान जयंती से प्रथम चरण का कार्य प्रारंभ हुआ जिसमें जिसमे जंगल ( झाडफुस ),मलवा सफाई,एवं गिर रही छत को सपोर्ट देने का कार्य किया जाएगा।यह कार्य दिसम्बर तक पूरा किया जाएगा।साथ ही दूसरे चरण में महल का पूरा संरक्षण किया जाएगा।जिसमे बिल्डिंग मरम्मत के साथ जनसुविधाये भी दी जाएगी जो की अगले एक बर्ष में पूर्ण कर दी जाएगी। यह रेनोवेशन लगभग 70 लाख से होगा।

## विश्व क्षय दिवस पर निक्षय मित्रों ने टीबी मरीजों को फूड बॉक्स वितरित किये

खण्डवा। विश्व क्षय दिवस पर जिला अस्पताल परिसर खंडवा में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में निक्षय मित्र खण्डवा विधायक श्री देवेन्द्र वर्मा व महापौर श्रीमति अमृता यादव द्वारा टी.बी. मरीजों को फुड बॉक्स का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री वर्मा ने कहा कि हम सब मिलकर मध्यप्रदेश व भारत देश को टी.बी. मुक्त बनायेगे और देश इस बीमारी से मुक्त होगा। इस दौरान महापौर श्रीमति यादव ने भी संबोधित किया। जिला क्षय अधिकारी डॉ. शक्ति सिंह राठौड़ ने बताया कि वैश्विक टीबी महामारी उन्मूलन करने के प्रयासों को बढ़ाने और इनके स्वास्थ्य और वित्त पर पड़ने वाले परिणामों के बारे में सार्वजनिक जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस मनाया जाता है। वर्तमान में खंडवा जिले में 12 केन्द्रों पर टीबी की जांच आधुनिक मशीनों से की जा रही है एवं उन्हीं केन्द्रों से टीबी के मरीजों को निःशुल्क दवा का वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आशा कार्यकर्ताओं व टीबी चैम्पियन तथा स्वंय सेवा संस्था के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद हरणे, सिविल सर्जन डॉ. ओ.पी. जुगतावत सहित विभिन्न अधिकारी कर्मचारी व आशा कार्यकर्ता व आम नागरिक मौजूद थे।

## ई केवायसी में लापरवाही बरतने पर नपा उपयंत्री निलंबित

शिवपुरी - कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 अंतर्गत पात्र महिलाओं के लंबित समग्र ई केवायसी प्रगति कार्य में लापरवाही बरंतने पर नगर पालिका शिवपुरी की उपयंत्री याशिका जैन को निलंबित किया है जबकि 10 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। जारी आदेश के तहत मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरते जाने के कारण म.प्र.सिविल सेवा ( वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील ) नियम 1966 के नियम ( 9 ) के तहत नगर पालिका परिषद उपयंत्री याशिका जैन को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। नगर पालिका शिवपुरी के सहायक यंत्री सचिन चौहान, उपयंत्री हरिओम राठौर, रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव, उपयंत्री रामवीर शर्मा, उपयंत्री देवेन्द्र त्रिवेदी, उपयंत्री रघुवीर भार्गव, राजस्व निरीक्षक सुधीर मिश्रा, उपयंत्री जितेन्द्र परिहार, कार्यालय बीआरसीसी के बीएसी आदित्य माथुर, उपयंत्री हितेश श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है।

### देश से लोकतंत्र समाप्त होते जा रहा है: काकू भाई

# राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त करने के विरोध में रैली एवं ज्ञापन




इटारसी //कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता समाप्त करने को लेकर देशभर के साथ ही, इटारसी में भी आक्रोश है। शुक्रवार को शहर के कांग्रेसियों ने एकजुट होकर, युवक कांग्रेस,नगर कांग्रेश, एनएसयूआई और महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने पूर्व मंत्री विजय दुबे काकू भाई के नेतृत्व में रेली निकालकर प्रदर्शन किया और थाने पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया वहीं पुलिस से गिरफ्तारी की मांग भी की लेकिन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार नहीं किया । कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार का पुतला भी जलाया ।पूर्व मंत्री विजय दुबे काकू भाई ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि देश से लोकतंत्र खत्म होते जा रहा है, एक सुनियोजित तरीके से विपक्ष को दबाने का प्रयास किया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को पहले संसद में बोलने से रोका गया उनकी आवाज को दबाने के लिए माइक बंद किए गए और अब उन्हें संसद में भी अंदर घुसने से रोकने के लिए उनकी सदस्यता समाप्त की जा रही है जबकि मानहानि जैसे मामले में अभी सीजीएम कोर्ट में उन्हें केवल 2 वर्ष की सजा सुनाई है और दूसरे दिन केंद्र सरकार ने उनकी सदस्यता समाप्त करने का गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया, उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र और संविधान दोनों की हत्या है। केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए सरकार की विभिन्न एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

कांग्रेश के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कांग्रेश लीगल सेल सचिव अधिवक्ता रमेश साहू ने भी राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने मामले को लोकतंत्र और संविधान की हत्या बताया है उन्होंने कहा कि छोटी अदालत को सुप्रीम कोर्ट का अंतिम आदेश मानकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की सदस्यता समाप्ति का फैसला जो लिया गया पूर्णत अनुचित है ,उन्होंने कहा कि व्यवहारिक रुप से 1 दिन में आदेशों की कॉपी तक नहीं मिल पाती, यहां तो षडयंत्र पूर्वक गजट नोटिफिकेशन हो जाना मनमानी कार्य व्यवस्था का खुलासा करता है।

इसके पूर्व नगर कांग्रेस द्वारा पहली लाइन स्थित कार्यालय से जुलूस निकाला गया जिसमें नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष पंकज राठौर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नीलम गांधी, सेवादल के गज्जू तिवारी ,जितेंद्र ओझा, हरीश अग्रवाल ,पार्षद दिलीप गोस्वामी, लखन वेश , नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा भदौरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे। सभी ने थाना प्रांगण में तहसीलदार राजीव कहार को ज्ञापन सौंपा इस दौरान तहसीलदार विनय ठाकुर ,टीआई राम चौहान सहित पुलिस स्टाफ मौजूद था ।

### मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना आज से भरे जाएंगे आवेदन फॉर्म

## दिव्यांग, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के आवेदन को दें प्राथमिकता: कलेक्टर




छतरपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशन में महिला सषक्तिकरण की दिषा में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार एवं परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने हेतु मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 प्रारंभ की गई है। योजनान्तर्गत 25 मार्च से आवेदन पत्र भरे जाने की कार्यवाही शुरू की जाएगी। जिसमें प्रत्येक माह पात्र महिलाओं के स्वयं के बैंक खाता में 1 हजार रूपए डाले जाएंगे।

कलेक्टर संदीप जीआर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष छतरपुर में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के आवेदन पत्र भरने के संबंध में तैयारियों की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार, समस्त जनपद सीईओ, सीएमओ, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, सी.एस.सी. एवं ई-गवर्नेंस मैनेजर उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जीआर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर में आवेदन फॉर्म भरवाने आने वाली दिव्यांग, गर्भवती, धात्री महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र कार्यवाही की जाए। सभी कैम्प साइट्स पर लाडली बहना योजना का फ्लैक्स लगाया जाए। सहयोग के रूप में कैम्प स्थल पर आवेदन फॉर्म भरने के लिये पर्याप्त संख्या में वॉलेन्टियर जैसे गांव के पढे-लिखे व्यक्तियों को भी जोड़ा जाए। साथ ही जिन महिलाओं का ई-केवाईसी हो चुका है उनको कैम्प में लाने हेतु एन.आर.एल.एम. के स्वसहायता समूह की महिलाओं का सहयोग लिया जाए। कैम्प मे जिन महिलाओं का समग्र ई-केवायसी नहीं हुआ है उनको समझाइश देते हुए ई-केवाईसी कैम्प, सीएससी या पीडीएस दुकान पर भेजे, समग्र ई-केवायसी एवं बैंक खाता की बैंक में जाकर डीबीटी कराने के बाद ही आवेदन पत्र भरवाने शिविर में लाएं।

कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल को देखते हुये प्रत्येक कैम्प स्थल पर पेयजल एवं छाया का विशेष ध्यान रखते हुए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जनसाधारण एवं स्वयंसेवी संस्थाएं कैम्प स्थल पर स्वेच्छा से अपनी सुविधा एवं सामर्थ्य अनुसार लाड़ली बहनों के लिए चाय, शर्बत, छाछ इत्यादि की व्यवस्था कर सकते हैं। योजनान्तर्गत सभी पात्र महिलाओं के आवेदन फॉर्म 25 मार्च से शुरू होकर 30 अप्रैल 2023 तक भरे जाएंगे। फॉर्म भरने में हड़बड़ी या जल्दबाजी न की जाए।

## श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में वित्तीय कल्याण निवेश विषय पर हुआ व्याख्यान

छतरपुर। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के सभागार में वित्तीय कल्याण निवेश पर एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का आरम्भ अतिथि द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्जवलन कर किया गया है। विश?वविद्यालय के कुलसचिव विजय सिंह ने मुख्य अतिथि सीए विनी अग्रवाल का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

आज के व्याख्यान माला की मुख्य वक्ता सीए विनी अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा वित्तीय सुरक्षा एक ऐसी स्थिति है जिसमें आपके पास आय का एक स्थिर स्त्रोत है और आप भविष्य के लिये कुछ पैसे बचाने में समक्ष होने के बावजूद अपनी मनचाही जीवन शैली को बनाये रख सकते हैं। क्योंकि फाइनैंशल बैलेंस वास्तव में व्यक्तिगत आत्म देखभाल और शारीरिक स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है इसे बहुत से लोग अनदेखा करते है ये न केवल आपके भविष्य के वित्त को निर्धारित करता है बल्कि आपके जीवन में सुधार लाता है। फाइनैंशल बैलेंस एक ऐसी स्थिति है जिसमें आपके फाइनेंस के ऊपर आपका पूरा नियंत्रण होता और एक वित्तीय योजना होती है जो आपको निकट भविष्य में वित्तीय सुरक्षा का आश्वासन देती है निवेश एक वस्तु, संपत्ति, उत्पाद या कोई अन्य संपत्ति है जिसे भविष्य में आय उत्पन्न करने के लिए खरीदा या उपयोग किया जाता है। एक निवेश किसी भी प्रकार की खरीद हो सकता है जैसे स्टॉक, संपत्ति, व्यवसाय इत्यादि। शेयर बाजार की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये उन्होनें कहा शेयर बाज़ार एक ऐसा बाज़ार है जहाँ कंपनियो के शेयर खरीदे-बेचे जा सकते हैं।

कार्यक्रम के समन्?यवयक सुदर्शन बबैले के अतिरिक्त विभागों के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनुप्रिया नामदेव एवं आभार डॉ. आशीष तिवारी ने व्यक्त किया।

## वास्तविक जीवन में माता-पिता ही असल गुरू : डॉ. अनिल शास्त्री

छतरपुर। शहर के पंडित देवप्रभाकर शास्त्री इंजीनियरिंग कॉलेज में शिव परिवार, मां सरस्वती एवं गृहस्थ संत श्री दद्दाजी, गुरूमाता छोटी जिज्जी की प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा और असंख्य शिवलिंग निर्माण रूद्राभिषेक यज्ञ का शुभारंभ विधिविधान से हो गया।

गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री घनश्याम बाग के सानिध्य में शुक्रवार को सुबह पंचांग पूजन, जलाधिवास एवं मंडप पूजन से असंख्य शिवलिंग निर्माण रूद्राभिषेक और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का श्रीगणेश किया गया। छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी, वरिष्ठ इंका नेता विनोद दीक्षित, महाराजपुर विधायक नीरज दीक्षित, व्हीएव्ही ग्रुप ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर अशोक दीक्षित, सचिव श्रीमती सरोज जैन सहित दद्दा शिष्य मंडल के सदस्यों की मौजूदगी में सर्वप्रथम श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से शिवलिंग निर्माण किए और पूजन किया। तत्पश्चात मंत्रोच्चार के साथ पंचांग पूजन, जलाधिवास एवं मंडप पूजन किया गया। दोपहर में गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री ने अमृत वचनों में रामकथा का बखान किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन में चित्र, विचित्र और अति विचित्र का अनूठा समागम होता है। चित्र जो है हमारा जन्म है, विचित्र हमारा जीवन है और अति विचित्र हमारा मरण हैं। इसलिए हमें मृत्यु और जन्म को समझकर अपने सुकर्मों पर ध्यान देना होगा।

### प्रभात फेरी के तीसरे दिन रामभक्त बड़ी संख्या में निकले

## प्रभात फेरी में अच्छा ध्वज लाने वाले रामभक्तों को किया गया पुरस्कृत




छतरपुर / श्री राम सेवा समिति के तत्वाधान में अखिल ब्रह्मांड नायक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाने के लिए तैयारियां बड़ी जोरों से की जा रही है पूरे नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया है शोभायात्रा में शामिल होने के लिए घर-घर आमंत्रण दिए जा रहे हैं प्रभात फेरी के प्रभारी गिरजा पाटकर ने बताया आज की प्रभात फेरी चौक बाजार से प्रारंभ हुई हटवारा मऊ दरवाजा फव्वारा चौक महोबा रोड से होते हुए विश्वनाथ कॉलोनी पहुंची जहां विश्वनाथ मंदिर के पास रहने वाले वासियों के द्वारा राम भक्तों का स्वागत किया गया घर-घर आमंत्रण दिए गए तथा वहां से नौगांव रोड निकलकर बस स्टैंड पर टैक्सी यूनियन के द्वारा राम भक्तों का स्वागत किया गया उसके बाद प्रभात फेरी नारायणपुरा सीताराम कॉलोनी जवाहर रोड होते हुए महल रोड होकर चौक बाजार पर समापन हुआ प्रभात फेरी के समापन पर श्री राम सेवा समिति के डालडा मातेले , लखन राजपूत , गिरजा पाटकर , नारायण मिश्रा ,एवं निखिल जैन के द्वारा प्रभात फेरी में अच्छा ध्वज लाने वाले वाले सूरज प्रजापति , कृष्णा असाटी , आदित्य ताम्रकार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर समिति के गिरजा पाटकर , प्रमोद सोनी , लखन राजपूत , अभिषेक मिश्रा , दीपक गुप्ता , पप्पू अग्रवाल , मगन पंडित ,संतोष ताम्रकार , प्रदुम गुप्ता सहित सैकड़ों राम भक्त मौजूद रहे।

## नपा अध्यक्ष चौरे ने कहीं सड़कों के दोनों ओर पेड़ लगाने के लिए स्पेस छोड़ने की बात



इटारसी // नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने बरसात में प्रारंभ किए पौधरोपण अभियान के वक्त यह तय किया था कि शहर में जहां भी चौड़ी सड़कें नगरपालिका बनाएगी वहां सड़क के दोनों और पौधरोपण के लिए खाली स्पेस छोड़ा जाएगा। इस वादे के तहत पुरानी इटारसी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड क्रमांक 3 में बन रही सीसी रोड से यह प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने आज यहां निरीक्षण करते हुए उपयंत्री मुकेश जैन, सड़क निर्माण ठेकेदार कमलेश तिवारी को यह निर्देश दिए कि सड़क के दोनों ओर 20-20 स्थान पेड़ लगाने के लिए छोड़ना है। इस दौरान वार्ड के पार्षद नारायण सिंह ठाकुर, उनके प्रतिनिधि गोल्डी चौधरी, योगेश चौहान सहित वार्ड के अन्य नागरिक मौजूद थे। नगर पालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने उपयंत्री और ठेकेदार से कहा कि वह एक निश्चित साइज का गोल राउंड वाला टूल बनवा ले और नाली से 8 इंच की दूरी पर लोगों के घरों के अंतिम कोने पर उसे रखकर सड़क के दोनों और स्पेस छोड़ दे। जिससे स्थानीय नागरिक अपने पसंद के हिसाब से इसमें पेड़ लगा ले। यदि वह पेड़ नहीं लगा सकते तो बरसात में नगरपालिका अभियान चलाकर यहां पौधरोपण कराएगी।

## रोजगार मेला कार्यक्रम सम्पन्न

खण्डवा। जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन आज गौरीकुंज सभागृह खण्डवा में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 8 विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के अतंर्गत प्रमाण पत्र जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कंचन तनवे द्वारा वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तनवे ने उपस्थित हितग्राहियों को बताया कि योजनाओं से मिले ऋण के अंतर्गत किए गए व्यापार से मिलने वाले लाभ से आप अपने तथा अपने परिवार का पालन पोषण भलीभांति कर सकते है। इसमें आपकी मेहनत और लगन आवश्यक है।


**कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम् (म.प्र.)**

Municipal Council Pipariya Distt-Narmadapuram

पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में तिलक वार्ड, पिपरिया

फोन नं. 07576-222041 पिन-461775 EMail-cmopipariyatit.mpurban.gov.in

क्रमांक /नपा/पी. डब्लू.डी./2023/2042 पिपरिया दिनांकः 24.03.2023

**केवियट की सूचना**

निकाय क्षेत्र नगर पालिका परिषद पिपरिया जिला नर्मदापुरम में मंगलवारा चौक से हथवांस चौराहे तक उत्कृष्ट सड़क ( माडल रोड ) का निर्माण कराया जाना है जिसकी निविदा क्रमांक 2023_UAD_245946_1 एवं 2023_UAD_246012_ 1 है जिसमें यातायात को बाधित करने वाले वृक्षों को भी काटा जावेगा।

यह कि ऐसी संभावना है कि इस प्रोजेक्ट के विरूद्ध कुछ व्यक्ति माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में स्थगन हेतु याचिका दायर कर स्थगन की प्रार्थना कर सकते है ।

नगर पालिका परिषद पिपरिया के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में केवियट आवेदन दायर किया जा रहा है कि कोई भी संभावित याचिका कर्ता माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने के पूर्व उसकी एक प्रति नगर पालिका पिपरिया के अधिवक्ता आर.एस.एस. मेहदींस्ता हाऊस न. 412 वेलसिंह स्कूल के बाजू में मदनमहल जबलपुर मोबाईल न. 7898136783 को प्रदान करें ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पिपरिया( म.प्र. )**



**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण**

क्रमांक 630 ज.सं./भो.वि.प्रा./ 23 भोपाल, दिनांक 24/03/2023

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पंचशील नगर योजना में स्थित भवन/ भूखण्ड कमांक 105 सेक्टर- श्री भागवत सिंह आत्मज श्री. मोतीराम के नाम अंकित है। आवंटी श्री भगवत सिंह का स्वर्गवास दिनांक 21.08.2011 को एवं उनकी पत्नी का स्वर्गवास 21.12.12 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस श्री/श्रीमती बोरखेडे एवं श्रीमती अंजली हिरनये द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बसीय एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन का नामान्तरण अपने नाम पर चाहा है।

उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/ दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

राजस्व अधिकारी भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल

**राजस्व अधिकारी**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**

**यांत्रिकी विभाग (मुख्यालय) गोविन्दपुरा (बी.एच.ई.एल.)**

**निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र**

क्रं. 122/यां.वि./2023 भोपाल, दिनांक 20.03.2023

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेंज मोहर बंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| S. No | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs. in lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Period of Completion (in Months) | SOR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_261933_1 | CONST. OF C.C ROAD FROM H.NO. 290-2C AND H.NO. 206-2C NEAR MADHAVBAL UDHYAN AT SAKET NAGAR W-57-Z-14 | 888054/- | 8881/- | 2000/- | 02 months | MPUAD DISSR 2021 |
| 2 | 2023_UAD_261882_1 | CONST. OF C.C ROAD FROM SHIV MANDIR TO RAMESH CHANDRA HOUSE AT SHYAM NAGAR W-56 Z-14 | 5,26,218/- | 5262/- | 2000/- | 02 months | MPUAD DISSR 2021 |
| 3 | 2023_UAD_261849_1 | CONST. OF C.C ROAD, FROM BANTI MALVIYA TO SHIV MANDIR AT SHYAM NAGAR W-56 Z- 14 | 4,92,849/- | 4,928/- | 2000/- | 02 months | MPUAD DISSR 2021 |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30A.M. (time) 21.03.2023 (date) to 17:30 P.M. (time) 05.04.2023 (date).
3. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.

The initial period of 05(FIVE) year after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP)

नि.क्रं.-1872/022/023

**Executive Engineer**
**MUNICIPAL CORPORATION BHOPAL**
**District BHOPAL**


## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया चेटीचंड हेमू कालाणी का 100 वां जन्ममहोत्सव

नैनपुर पूज्य सिंधी पंचायत नैनपुर द्वारा झूलेलाल जयंती चेट्रिचंद् महोत्सव झूलेलाल एवं शेरे ए सिन्ध सच्चे सपूत हेमू कालाणी का 100वां जन्मदिन दरबार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जहां सुबह से ही जबलपुरकी शंकर वाधवावनी मंडली गायकों द्वारा भजन कीर्तन देशभक्ति के प्रेरक गीतो का आयोजन के साथ अमर शहीद हेमूकालाणी के सम्पूर्ण जीवन वृत्त एवं इतिहास से दयाराम बोधानी ने विस्तार से व्याख्यान उपस्थितिजनों के बीच किया गया तत्पश्चात भोग साहब झूलेलाल आरती केक काटकर लंगरप्रसादी का कार्यक्रम जिसमें समाज के सभी वर्ग की उपस्थित में हुआ वहीं पर मेन रोड स्थित माधव हार्डवेयर के सामने दो दिवसीय झूलेलाल साईं जी की प्रतिमा स्थापित थी वहां पर सिंधी युवाओं द्वारा प्रसादी का कार्यक्रम सुबह से शाम तक चलता रहा वही शाम को सिंधी धर्मशाला झूलेलाल दरबार से बहराणा साहिब के साथ जुलूस निकाला गया जगह जगह पर जुलूस का स्वागत किया गया जिसमें नगर पालिका द्वारा भी जुलूस का स्वागत किया गया समाज के सभी ने अपने इष्ट देव झूलेलाल साईं से नगर के सभी के भले की कामना की सुख समृद्धि की कामना की जिसमें समाज के अध्यक्ष संतोष नागपाल,पूर्व अध्यक्ष पोहुमल गाजरानी,नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी,जमीयतराय कोटवानी,नारायण दास कोटवानी,शंकर सायरानी,सुरेश कटियार,बब्बू नागपाल,ओमप्रकाश गेमनानी,अनिल बोधानी,मुरली बोधानी,चंदीमल,रमेश लालवानी, कन्हैया चावला,ग्वाल गाजरानी,कैलाश कटियार,नानकराम नागरानी,प्रकाश गाजरानी, हेमंत आडवानी,श्याम सायारनी, अशोक बजाज, मनोज गाजरानी,दीपक आसवानी,तपन गाजरानी आदि समाज के वरिष्ठ बच्चे महिलाए आदि सभी की उपस्थिति रही

### डॉ. बहादुर सिंह परमार को मिलेगा एकेडमी सम्मान

छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के हिंदी विभाग में पदस्थ प्राध्यापक व बुंदेली साहित्यकार डॉ. बहादुर सिंह परमार को उप्र के ख्याति प्राप्त साहित्यिक संस्था हिंदुस्तानी एकेडमी द्वारा एकेडमी सम्मान प्रदान किया जाएगा। सन 1927 से प्रयागराज में हिंदी, उर्दू व अन्य क्षेत्रीय बोलियों के संवर्धन के लिए काम कर रही हिन्दुस्तानी एकेडमी उप्र सरकार से संबंद्ध है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया जिला-छिंदवाड़ा**

क्र.1627/न.पा./2023 परासिया दि. 24-03-23

आम नागरिकों से विनम्र अपील की जाती है।

1. नगर पालिका के समस्त करों का भुगतान समय पर करें।
2. जन्म-मृत्यु का अनिवार्य रूप से पंजीयन करें।
3. जल व्यर्थ न बहाएं।
4. नगर को सुन्दर एवं स्वच्छ बनाएं रखे।
5. सार्वजनिक भवन, पार्क एवं स्ट्रीट लाईट की तोड़-फोड़ न करें।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका डोंगर परासिया**
**जिला-छिंदवाड़ा**

# आज आएंगे केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह

## आंचलकुंड पहुंचकर धर्मगुरूओं का करेंगे सम्मान, पुलिस लाइन ग्राउण्ड में होगी आमसभा



**छिंदवाड़ा ।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज छिंदवाड़ा पहुचेंगे उनके आगमन को लेकर पुलिस ने हर चौक चौराहे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं। शुक्रवार को आईजी और डीआईजी स्तर के अधिकारियों ने जहां जहां गृहमंत्री पहुंचेंगे वहां पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। श्री शाह पहले बटकाखापा के पास आंचलकुंड पहुंचेंगे और दादा धुनीवाले के दरबार में पूजन और धर्मगुरूओं का सम्मान करेंगे। उसके बाद पुलिस लाइन में उनकी आमसभा होगी जिसमें बड़ी संख्या में जिले और आसपास के भाजपा कार्यकर्ताओं सहित आमलोग उनका भाषण सुनने पहुंचेंगे। 25 मार्च को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ प्रदेश भाजपा के बड़े नेता भी उपस्थित रहेंगे उनके आगमन को लेकर पुलिस ग्राउण्ड सहित शहर में भारी पुलिस बल मौजूद है अन्य जिलों से पुलिस का बल छिंदवाड़ा पहुंच गया है। और प्रशासनिक अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एएसपी संजीव उईके ने बताया कि आमसभा को लेकर हर पाइंट पर पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगे। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, जिले के प्रभारी मंत्री कमल पटेल, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार और अन्य प्रमुख नेता पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह 25 मार्च को नागपुर से हेलीकाप्टर से रवाना होकर 2 बजकर 10 मिनट पर आंचलकुंड पहुंचेगे वे 2.40 बजे तक पूजा अर्चना करेंगे, 3 बजे एसएएफ मैदान पहुंचेंगे, 3.10 बजे सभा स्थल पुलिस ग्राउण्ड पहुंचेंगे, 1 घंटे सभा करेंगे और 4.15 बजे पुलिस ग्राउण्ड से रवाना होकर 4.25 बजे भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे, यहां 50 मिनट मीटिंग कर वे एसएएफ ग्राउण्ड से 5.25 बजे नागपुर के लिए रवाना होंगे।

### दुल्हन की तरह सजा शहर

अमित शाह के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा श्री शाह के आगमन पर भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शहर में स्वागत बैनर लगाए हैं पूरे शहर दुल्हन की तरह सज गया है। जगह जगह पोस्टर बैनर लगाए गए हैं जिनमें भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं के स्वागत फोटो लगे हैं।

### गृहमंत्री के पहले आंचलकुंड पहुचेंगे मुख्यमंत्री शिवराज



प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 25 मार्च शनिवार को दोपहर 12:50 बजे भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 1:40 बजे जिले की तहसील हर्रई के हैलिपेड बटकाखापा पहुंचेंगे । आप दोपहर 1:50 बजे आंचलकुंड पहुंचेंगे और दोपहर 2.10 बजे केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के आगमन पर उनका स्वागत करेंगे । आप दोपहर 2.40 बजे हैलिपेड आंचलकुंड से केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह के साथ प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे एस.ए.एफ.ग्राउंड छिंदवाड़ा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे । आप शाम 5.25 बजे हैलिपेड एस.ए.एफ.ग्राउंड पहुंचेंगे और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह को विदा करने के उपरांत शाम 5.35 बजे एस.ए.एफ.ग्राउंड छिंदवाड़ा से भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

### शहर और आंचलकुंड की सीमा में ड्रोन कैमरा उड़ाना प्रतिबंधित

जिला छिन्दवाड़ा में अतिविशिष्ट एवं विशिष्ट अतिथियों, जनप्रतिनिधियों के भ्रमण के दौरान 25 मार्च 2023 को सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती शीतला पटले द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा-144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती पटले द्वारा जारी आदेश के अनुसार संपूर्ण नगर छिन्दवाड़ा की सीमा एवं ग्राम आंचलकुण्ड की सीमा में 25 मार्च 2023 को प्रातः 8 से रात्रि 8 बजे तक ड्रोन कैमरे को उड़ाना एवं संचालन प्रतिबंधित किया गया है । यह आदेश आम जनता को संबोधित है । चूंकि वर्तमान में ऐसी परिस्थितियां नहीं है, और न ही यह संभव है कि इस आदेश की पूर्व सूचना प्रत्येक व्यक्ति को दी जाये, अतः यह आदेश एक पक्षीय पारित किया गया है । इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूध्द भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी ।

## एन.एस.यू.आई पी.जी.कालेज के महामंत्री बने अविनाश ककोड़िया



**छिंदवाड़ा ।** नगर एन.एस.यू.आई. छिंदवाड़ा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे और जिला एन.एस.यू.आई. अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर की अनुशंसा पर आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों को देखते हुये नगर एन.एस.यू.आई. अध्यक्ष समर्थ मैद द्वारा नगर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये पी.जी.कालेज छिंदवाड़ा के महामंत्री पद पर अविनाश ककोड़िया, सुभाष डेहरिया महामंत्री, रविन्द्र कुर्रेती सचिव, अहमद रजा सचिव, प्रिंस चैबे महासचिव, रोहित बेटे की सह सचिव के पद पर नियुक्ति प्रदान की ।

## वीरेन्द्र विश्वकर्मा बने पार्टी के जिलाध्यक्ष

### आम आदमी पार्टी की नई कार्यकारिणी घोषित




**छिंदवाड़ा ।** आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा संपूर्ण मध्यप्रदेश की कार्यकारिणी की घोषणा की गइ इसके अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले की कार्यकारिणी घोषित करते हुये वीरेन्द्र विश्वकर्मा को जिलाध्यक्ष, लोकसभा प्रभारी अशोक विश्वकर्मा, जिला सचिव राजू पाण्डे, जिला कोषाध्यक्ष सूरज मौर्य, जिला सह सचिव सतीश राजपूत, गोविन्द गढ़ेवाल, जिला कार्यक्रम प्रभारी दीपक पवार, जिला लोकसभा सचिव सुनील बड़ोनिया, महिला जिलाध्यक्ष रिटू खान, जिला उपाध्यक्ष वर्षा ठाकुर, कार्यालय प्रभारी शैलेन्द्र सराठे, लोकसभा सह सचिव नीलेश भूतड़ा, जिला उपाध्यक्ष के पद पर सादिक खान को नियुक्ति प्रदान की गई है । पार्टी के वर्तमान में संपूर्ण प्रदेश में पांच लाख से ज्यादा सदस्य एवं एक लाख कार्यकर्ता हैं, जिन्होनें आने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है ।

## कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने सौंपा ज्ञापन

**छिंदवाड़ा ।** नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 में निवासरत कुछ परिवारों का मकान टैक्स नहीं लिया जा रहा है। इस समस्या के स्थाई निदान हेतु कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के द्वारा लगातार मांग की जा रही है। जिम्मेदार अधिकारी से आवेदन व निवेदन कर मकान का टैक्स लिये जाने की मांग उठाई जा रही। कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फिरोज खान के नेतृत्व में आज वार्ड क्रमांक 3 के प्रेम नगर व गिट्टी खदान के पीछे निवासरत परिवारों के सदस्यों ने नगर पालिक निगम कार्यालय पहुंचकर अपना विरोध जताया। निगम कमिश्नर व महापौर को अपनी मांगों का ज्ञापन प्रस्तुत कर अविलम्ब प्रेम नगर व गिट्टी खदान के पीछे निवासरत परिवारों से मकान टैक्स लिये जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपते समय फिरोज खान, शानू कुरैशी, अर्जुन सनोडिया, सुरेश तेकाम, राजकुमार बघेल, अशफाक कुरैशी, सपना वर्मा सहित वार्ड क्रमांक तीन के निवासरत परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## अरविन्द पटेल को सौंपी जिम्मेदारी

**छिन्दवाड़ा** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार किसान कांग्रेस का विस्तार करते हुये नवनियुक्ति की गई। निगम क्षेत्र में किसान कांग्रेस प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोनीत कर जिम्मेदारी सौंपी है। पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद तिवारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित सक्सेना की अनुशंसा के उपरांत किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजू पाठा ने सिवनी प्राणमोती के प्रगतिशील किसान अरविंद पटेल को किसान कांग्रेस में निगम ग्रामीण अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन से नवनियुक्त पदाधिकारी को नियुक्त पत्र प्रदान किया गया।

## अशोक चौरसिया का निधन



**छिंदवाड़ा।** गांधी गंज नई आबादी वार्ड 17 के अशोक जमना चौरसिया का निधन हो गया, वे 63 वर्ष के थे, एवं बीमार चल रहे थे, उनकी अंत्येष्ठी शनिवार को सुबह 10:30 बजे निज निवास से निकलेगी।

## राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने का अभिनंदन करते: कविता पाटीदार



**छिंदवाड़ा ।** राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार ने कहा कि राहुल गांधी ने चोरों को मोदी से जोड़कर जो वक्तव्य दिया वह गलत था उनकी लोकसभा की सदस्यता रद्द करने पर हम अभिनंदन करते हैं जो लोग राहुल गांधी के इस वक्तव्य का समर्थन कर रहे हैं वे पिछड़ा वर्ग समाज के विरोधी हैं। गृहमंत्री अमितशाह के छिंदवाड़ा आगमन पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि उनके आने से महाविजय का उद्घोष होगा और आने वाले विधानसभा चुनाव में छिंदवाड़ा से भाजपा जीतेगी और लोकसभा में भी भाजपा का परचम लहराएगा।

## 11 हजार की जगमग ज्योति से अमित शाह का स्वागत वंदन अभिनन्दन है



**परासिया ।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की जन्मभूमि में हुआ कार्यक्रम आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के वंशजो का सम्मान मिशन 2023 और 2024 को लेकर भाजपा आदिवासी वोटरों को साधने में जुटी है आगामी आज केंद्रीय गृह मंत्री अमितशाह के महाविजय उदधोष जनसभा में छिन्दवाड़ा आगमन हो रहा है । वे हरई के आदिवासी अंचल के ग्राम आँचल कुंड में दादा धूनी वाले दरबार भी पहुचेंगे कार्यक्रम को जन जन तक पहुँचाने एवं आमंत्रित करने के लिए परासिया भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नगरीय क्षेत्रों के अलावा आदिवासी अंचलों में कार्यक्रम आयोजित कर छिन्दवाड़ा महाविजय उदधोष जनसभा में पहुँचने आमंत्रित कर रहे है । भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा परासिया के नगरीय क्षेत्रों में घर घर पीले चावल देकर आयोजित छिन्दवाड़ा कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया , वही कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर आदिवासी अंचल क्षेत्र के तितरा डुंगरिया में पूर्व विधायक ताराचन्द बावरिया और सौरभ बावरिया द्वारा भजन संध्या आयोजित कर भव्य आतिशबाजी के बीच 11 हजार दीपो की प्रज्जुलित जगमग ज्योति के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमितशाह का स्वागत वंदन अभिनन्दन किया गया द्य जिसमें 11 हजार दीपो की जगमग ज्योति से लिखा गया द्य अमितशाह जी का स्वागत वंदन अभिनन्दन , परासिया विधानसभा साथ ही कमल का फूल की आकृति भी बनाई गई थी । जो आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक ताराचन्द बावरिया एवं सौरभ बावरिया ने आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बादल भोई के वंशजो का सम्मान किया गया । जानकारी अनुसार तितरा डुंगरिया स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बादल भोई की जन्मभूमि है , यहां उनके वंशज निवासरत है , साथ ही यह क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र कहलाता है । इस अवसर पर बडी संख्या में भाजपा पदाधिकारी , कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## भाजपा के तेली समाज के नेताओ ने राहुल गांधी का किया पुतला दहन



**पांढुर्ना ।** शहर में स्थित तीन शेर चौक पर पांढुरना भाजपा के तेली समाज के नेताओ ने पूर्व सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन किया आज ही राहुल गांधी पूर्व सांसद बने उनकी लोकसभा सदस्यता रद्द हुई लगता हैं की वहा आने वाले चुनाव भी नही लड़ पाएंगे राहुल गांधी ने 2019 में चुनावी सभा में पूरे मोदी सरनेम को चोर कहा था मोदी सरनेम तेली समाज से आता है राहुल गांधी ने तेली समाज का चोर शब्द कहकर अपमान किया था साथ में ओबीसी समाज का भी अपमान किया था जिसके चलते कल राहुल गांधी को 2 वर्ष की सजा भी कोर्ट ने सुनाई और आज लोकसभा से सदस्यता भी रद्द हुई है देश में ओबीसी समाज की 45त्न जनसंख्या है आज पांढुरना भाजपा के तेली समाज के नेताओ ने उनके ये शर्मनाक बयान के विरोध में तीन शेर चौक पर पुतल दहन किया और विरोध प्रदर्शन किया राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए तेली समाज का अपमान नही सहेंगे के नारे लगाए पुतला दहन करते समय उपस्थित थे विष्णु लेंडे। राजू रेवतकर रामेश्वर खोड़े महेंद्र घोड़े मदन साहू विजय केवटे रवि बावनकर गणेश बापू बालपांडे सुरेश खोड़े ईश्वर बोरकर पंकज कलम्बे चंद्रशेखर कोल्हे आकाश संभारे गिरीश कोरडे रामभाउ बालपांडे नितेश कोरड़े राजेश झाड़े राहुल मस्के राहुल ठोंबरे विवेक चोऊत्रे लोचन खवसे प्रभाकर घोड़े राहुल बेलखड़े सोनू घोड़े सुनील रबड़े रामेश्वर मस्के* आदि लोग उपस्थित थे

## लाडली बहना और लाडली लक्ष्मी बेटियों के पैर धोकर पूजन कर घर घर बांटे आमंत्रण

**चौरई24मार्च( जनपक्ष )।** भाजपा ग्रामीण मंडल चौरई के अध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेंद्र रघुवंशी ने शुक्रवार को अपने जन्मदिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में संगठन के प्रति समर्पण की नई मिसाल पेश की है। ग्रामीण मंडल के अंर्तगत आने वाले सांख, समसवाड़ा, औरिया,सिरेगांव, पांजरा, बम्हनी लाला सहित विभिन्न स्थानों पर शैलेंद्र रघुवंशी ने लाडली बहना और लाडली लक्ष्मी बेटियों के पैर धोए और उनका पूजन करके उन्हे ग्रह मंत्री अमित शाह जी के छिंदवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। साथ ही युवा कार्यकर्ताओं से युवा मोर्चा की बाइक रैली में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने विभिन्न ग्रामों में संपर्क कर पत्रक बांटकर अन्य लोगों से भी गृह मंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया। कार्यक्रमों में बिस्सू पटेल, रेखन रघुवंशी,सुरेश मालवी, राजेश मालवी, मुरारी शुक्ला, गज्जू पटेल, सचिन पटेल, मोनू शर्मा, अनिल रघुवंशी, हरिओम पटेल, संतराम पटेल,लाला पटेल,अनिल पटेल, राजेंद्र संद्राम, प्रवीण रघुवंशी, नवीन मिश्रा ,सुरेश वर्मा, अनिल शर्मा, रजनीश गौतम, चंदू पटेल, मयंक पटेल, विनय मिश्रा, दिनेश वर्मा, भूपेंद्र पटेल ,रोहिणी जंघेला, प्रदीप रघुवंशी, नीरज पटेल, गुड्डू पटेल, रज्जन पटेल,पप्पू पटेल, श्रीपाल पटेल, शंकर पटेल, प्रह्लाद मालवी,विजेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## खनिज विभाग ने सफेद रेत से भरा ट्रैक्टर को पकड़ा

**अमरवाडा ।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत सिंगोडी चौकी क्षेत्र में खनिज विभाग ने सफेद रेत से भरा ट्रैक्टर ट्राली को जप्त किया है।और सिंगोडी चौकी में अभिरक्षा में खड़ा किया गया है।दरअसल खनिज विभाग की टीम लगातार अमरवाड़ा क्षेत्र में अवैध खनन या फिर अवैध परिवहन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जाती है इसी क्रम में छिंदवाड़ा से अमरवाड़ा की और खनिज विभाग की टीम निकली तो सिंगोडी में सफेद रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली को रोका और चालक से पूछताछ की गई तो मौके पर कोई रॉयल्टी नहीं मिली तो खनिज विभाग की टीम ने चौकी अभिरक्षा में खड़ा करवाया है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त ट्रैक्टर सिंगोडी निवासी कौशल का बताया जा रहा है।

## गर्भवती महिला ने अस्पताल गेट पर ही बच्चे को जन्म दिया

**छिंदवाड़ा।** महिला को जिला चिकित्सालय के मेटरनिटि वार्ड में भर्ती कराया जाता उससे पहले ही गेट पर ही उसकी डिलेवरी हो गई। जच्चा-बच्चा दोनों ही स्वस्थ्य है डिलेवरी के बाद महिला को वार्ड में भर्ती कर दिया गया है। मामला छिंदवाड़ा जिला अस्पताल के गेट नं. 3 में दोपहर करीब 3 बजे का है जिला अस्पताल में दर्जन भर से ज्यादा 108 एम्बुलेन्स होने के बावजूद महिला को सुविधा नसीब नहीं हो पाई मजबूरी में उसका पति आटो से महिला को अस्पताल ला रहा था7

## निष्ठापूर्वक सतत प्रयास करना ही बौद्ध दर्शन है: प्राचार्य डॉ चंदेलकर

### पीजी कॉलेज में बौद्ध दर्शन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**छिंदवाड़ा ।** पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा में राष्ट्रीय संगोष्ठी की श्रृंखला में इतिहास विभाग द्वारा बौद्ध दर्शन ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भरत घई , कुलपति डॉ बी आर अम्बेडकर विश्विद्यालय महू डॉ आत्राम, प्राचार्य डॉ पी आर चंदेलकर के हस्ते किया गया । उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए डॉ सुमेध थिरो ने कहा कीबौद्ध दर्शन संयमित जीवन और सदाचार का मार्ग दिखाता है । जनभागीदारी अध्यक्ष भरत घई ने कहा कि महाविद्यालय में निरंतर आयोजित हो रहे सेमीनार अकादमिक उत्कृष्टता को दिखाते है , विशिष्ठ अतिथि डॉ के के श्रीवास्तव ने कहा की बौद्ध धर्म अपना दीपक स्वयं बनने की प्रेरणा देता है वहीं मुख्य अतिथि डॉ रामदास अत्राम कुलपति डॉ बी आर अम्बेडकर विश्विद्यालय ने कहा कि बौद्ध धर्म केवल धर्म नही धर्म से बहुत अधिक है ये हमे सामाजिक शोध के नए आयाम से परिचय कराता है , ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में इसका बहुत महत्व है सेमीनार संयोजक डॉ शेखर ब्रम्हने ने कहा की पाठयक्रम में बौद्ध दर्शन भारत की प्राचीन समृद्ध विरासत से परिचित कराता है । इसी क्रम में विचार व्यक्त करते हुए प्राचार्य डॉ चंदेलकर ने भगवान बुद्ध के उपदेशों को विस्तार पूर्वक उदाहरण देते हुए बताया की बौद्ध दर्शन प्रज्ञा शील और करुणा का मार्ग दिखाता है । सेमीनार के दूसरे सत्र में डॉ सुमेध थिरो ने विस्तार से ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में बौद्ध दर्शन पर प्रकाश डाला तथा शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए इस आयोजन का संचालन डॉ टीकमणी पटवारी ने किया तथा आभार प्रदर्शन सहसंयोजक डॉ जगमोहन पूषाम तथा प्रो महेंद्र साहू ने किया । इस अवसर पर इतिहास विभाग से डॉ माया साहू , डॉ मंशाराम उईके , आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सदस्य ,आयोजन के मीडिया प्रभारी डॉ पी एन सनेसर, डॉ लक्ष्मीकांत चंदेला सहित वरिष्ठ प्राध्यापक एवम् विद्यार्थी उपस्थित रहे ।



## छिन्दवाड़ा वासियों को छिन्दवाड़ा का हक दे गृह मंत्री अमित शाह : विक्रम अहके



**छिन्दवाड़ा ।** नगर निगम महापौर विकम अहके ने अमित शाह के छिन्दवाड़ा दौरे को लेकर प्रतिक्रिया दी। पहले उन्होंने कहा कि कमलनाथ, नकुलनाथ की कर्मभूमि, पावन धरा छिन्दवाड़ा में आपका हार्दिक स्वागत वंदन अभिनंदन है, किन्तु छिन्दवाड़ा की भूमि पर जब-जब भाजपा के बड़े नेताओं का आगमन हुआ है तब-तब छिन्दवाड़ा की जनता को सिर्फ भाषण ही मिला । मैं आपसे आग्रह करता हूँ कि जो सौगातें मान0 कमलनाथ के मुख्यमंत्री कार्यकाल में छिन्दवाड़ा में दी गई थी जिन्हें भारतीय जनता पार्टी के छिन्दवाड़ा की जनता के साथ सौतेले व्यवहार के कारण निरस्त कर दिया गया या राशि नहीं दी गई एवं जो घोषणाएँ भाजपा के जिम्मेदार मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों के द्वारा की गई है उन्हें पूरा किया जाये। छिन्दवाड़ा को संभाग बनाया जावे, छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस कॉलेज की राशि पूरी स्वीकृत की जावे यूनिवर्सिटी की राशि दी जावे, एग्रीकल्चर कॉलेज, हार्टीकल्चर कॉलेज की स्वीकृति पुनः दी जावे, मिनी एयरपोर्ट एवं स्टेडियम बनाया जावे, सेन्ट्रल जेल की राशि दी जावे, टेक्सटाईल पार्क बनाया जावे। भाजपा ने हमेशा छिन्दवाड़ा की जनता को गुमराह किया है। छिन्दवाड़ा के विकास की प्रत्येक ईंट में माननीय कमलनाथ जी एवं नकुलनाथ जी का नाम लिखा है । ऑचलकुंड आदिवासी समाज के बीच आप जा रहे हैं किन्तु यो विश्व आदिवासी दिवस का अवकाश जो आपकी सरकार ने निरस्त किया है उसका जवाब दीजिएगा उस निजीकरण नीति का जवाब दीजिएगा, जिससे आदिवासियों का आरक्षण समाप्त हो रहा है एवं संविधान कमजोर किया जा रहा है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार आदिवासियों पर सबसे ज्यादा अत्याचार करने वाला राज्य मध्यप्रदेश बना है, इसका जवाब भी गृहमंत्री अमित शाह आदिवासी समाज को दें ।

# भाजपा ने फिर किया भगवान बजरंगबली का अपमान

## धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली भाजपा पर आक्रोशित हुई कांग्रेस

## सिटी कोतवाली में कांग्रेस ने दर्ज कराई शिकायत

**छिन्दवाड़ा ।** भाजपा और उसके नेता निरंतर आमजन के धर्म, आस्था और धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहे हैं। उनका अहम इतना बढ़ गया है कि वे अब अपने आपको भगवान से ऊपर मानने लगे हैं। किसी ना किसी रूप में उनका धर्मविरोधी चेहरा सामने आ रहा है। हनुमान जयंती पर निकाली जाने वाली गदा यात्रा के शहर में लगाये गये होर्डिंग्स के ऊपर भाजपा के नेताओं ने अपने होर्डिंग्स लगवाये हैं। भाजपा के इस कृत्य के खिलाफ आज कांग्रेस ने सिटी कोतवाली पहुंचकर भाजपा नेताओं व होर्डिंग्स लगाने वाली संस्था के खिलाफ लिखित शिकायत देकर दाण्डिक कार्यवाही के लिये मांग की है। भगवान हनुमान जी की जयंती पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विशाल व भव्य गदा यात्रा निकाली जावेगी साथ ही अन्य दिव्य व भव्य आयोजन किये जावेंगे। जिले व नगरवासियों को आयोजन की पूर्व सूचना देने की मंशानुसार नगर के विभिन्न मार्गों पर होर्डिंग्स लगाये गये हैं। होर्डिंग्स के माध्यम से भगवान संकट मोचन हनुमान जी की जयंती की अग्रिम शुभकामनायें भी आमजन को प्रेषित की गई है साथ ही विभिन्न आयोजनों की जानकारी भी उसमें उल्लेखित है। भाजपा को धार्मिक आयोजनों का प्रचार-प्रसार रास नहीं आया और उसके नेताओं ने दुर्भावनावश भगवान हनुमान जी का अपमान करते हुये उनकी होर्डिंग्स के ऊपर भाजपा नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की फोटो के होर्डिंग्स लगा दिये हैं। भाजपा के इस कृत्य से सभी धार्मिक बंधुओं की आस्था आहत हुई है साथ ही भाजपा की धर्मविरोधी सोच भी उजागर हो रही। कांग्रेस के द्वारा सिटी कोतवाली थाना में प्रस्तुत शिकायत में होर्डिंग्स लगाने वालों के नाम उल्लेखित किया है। गदा यात्रा की लगाई गई होर्डिंग्स के ऊपर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की होर्डिंग्स लगाई गई है जिसे तत्काल हटाया जावे और दाण्डिक प्रकरण पंजीबद्ध करने की मांग कांग्रेस ने की है। विदित हो कि इसके पूर्व भी रतलाम में भाजपा ने भगवान हनुमान जी का अपमान कर प्रदेश के धार्मिक बंधुओं की आस्था को आहत किया था। रतलाम में भाजपा के विधायक चैतन्य कश्यप और महापौर प्रहलाद पटेल ने हनुमान जी की मूर्ति स्टेज पर रखकर अश्लील कार्यक्रम का आयोजन कर हिन्दू धर्म की रीति रिवाज और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया है। सर्वहिन्दू समाज के द्वारा भाजपा के इस कृत की लगातार निंदा की जा रही है। भाजपा के द्वारा लगातार भगवान हनुमान जी का अपमान किया जा रहा है जिसका कांग्रेस घोर विरोध करती है। प्रस्तुत शिकायत के माध्यम से कांग्रेस ने अवगत कराया कि शहर के विभिन्न मार्गों पर भगवान बजरंगबली की जयंती व गदा यात्रा के आयोजन के लगाये गये होर्डिंग्स पर भाजपा के द्वारा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के लगाये गये होर्डिंग्स को तत्काल हटाया जाये और अविलम्ब कार्यवाही की जावे अन्यथा भाजपा के द्वारा भगवान श्री हनुमान जी महाराज के अपमान के विरोध में कांग्रेस उग्र प्रदर्शन करेगी जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी। कोतवाली थाना में शिकायत प्रस्तुत करते समय प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गंगाप्रसाद तिवारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला, नितिन उपाध्याय, आनंद बक्षी, दुबेलाल चन्द्रवंशी सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## ''विश्व क्षय दिवस'' पर जन जागृति रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

खण्डवा। विश्व क्षय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जन जागृति रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद हरणे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली जिला अस्पताल परिसर से प्रारंभ होकर घंटाघर, बॉम्बे बाजार, केवलराम चौराहा व शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जिला अस्पताल परिसर में सम्पन्न हुई। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. ओ.पी. जुगतावत, आर.एम.ओ. डॉ. अनिरुद्ध कौशल, डॉ. राकेश रेवारी, मीडिया अधिकारी श्री व्ही.एस. मण्डलोई, नर्सिंग छात्र-छात्राएं व अधिकरी कर्मचारी मौजूद थे। जिला क्षय अधिकारी डॉ. शक्तिसिंह राठौड ने बताया कि क्षय उन्मूलन संबंधित आवश्यक जानकारियों को जन-जन तक पहुंचाना हैं। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिये ''टी.बी. हारेगा देश जीतेगा'' के अन्तर्गत जन जागृति रैली के माध्यम से जागरुकता लाने के लिए और खंडवा जिले को क्षय मुक्त बनाने में सभी की सहभागिता होगी।


# 2622वां दो दिवसीय मंगलकारी जन्मकल्याणक महोत्सव 3 अप्रैल को

## आज तारण भवन में होगी श्री महावीर जन्मकल्याणक की विशेष बैठक




**छिन्दवाड़ा ।** आगामी चैत्र शुक्ल बारस 2 अप्रैल एवं चैत्र शुक्ल तेरस 3 अप्रैल 2023 के शुभ दिन धर्म नगरी छिन्दवाड़ा की सकल जैन समाज अहिंसा के प्रणेता एवं जियो ओर जीने दो के उदघोषक वर्तमान शासन नायक 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान का 2622वां दो दिवसीय मंगलकारी जन्मकल्याणक महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनावेगा। श्री वीर प्रभु के 2622 वें जन्मकल्याणक महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपकराज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव को यादगार एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने के लिए सकल जैन समाज के सभी घटकों सहित युवा संगठनों, पाठशाला के संचालकों की विशेष बैठक आज शनिवार 25 मार्च 2023 को रात्रि 9 बजे से तारण भवन छोटी बाजार में आयोजित की गई है। महोत्सव के अध्यक्ष एल. सी. जैन एवं सयोंजक सुजीत जैन ने बताया कि बैठक में दो दिवसीय अनुष्ठानों की सम्पूर्ण रूपरेखा सहित स्थान का निर्धारण कर विविध समितियों की कार्यकारणी का गठन किया जावेगा ओर सभी विभाग प्रमुखों को जबावदारी सौंपी जावेगी ताकि महोत्सव के सम्पूर्ण अनुष्ठान मंगलमय वातावरण में साआनन्द संम्पन्न हो सकें ।बैठक में सम्मिलित होकर श्री वीर प्रभु के 2622 वें जन्मकल्याणक महोत्सव को यादगार एवं सफल बनाने की अपील सकल जैन समाज से महोत्सव समिति के उपाध्यक्ष शांतकुमार जैन, हुकमचन्द कोठारी, शांतिकुमार पाटनी, अशोक वैद, प्रमोद पाटनी, विशाल जैन, शैलेन्द्र जैन, भद्रेश शाह ने सकल दिगम्बर जैन समाज, श्वेताम्बर जैन समाज, दिगम्बर जैन महासभा, तारण तरण दिगम्बर जैन समाज, दिग. जैन परवार पंचायत, दिग. जैन मुमुक्षु मण्डल, कच्छी बीसा ओषवाल जैन संघ, दिग. जैन खंडेलवाल पंचायत, गोला पूरब समाज, गोलालारे समाज, महाराष्ट्रीयन जैन समाज, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन, तारण तरण नवयुवक मण्डल, बाहुबली जीव रक्षा संस्थान, मुनिसेवा संघ, पुष्पोदय संघ, वीर विद्या संघ, वीतराग विज्ञान पाठशाल, उदार सागर पाठशाला, तारण तरण पाठशाल के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यगणों सहित सकल जैन समाज के समस्त जिनशासन सेवकों से की गई है।


भाजपा है, तो भरोसा है
आओ चले भाजपा के साथ
मिलकर करे छिन्दवाड़ा का विकास
मान. अमित शाह जी
केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री (भारत सरकार)
छिन्दवाड़ा आगमन पर
महाविजय
उद्घोष जनसभा
आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है
-जनसभा स्थल-
पुलिस ग्राउण्ड छिन्दवाड़ा
दि.25 मार्च 2023 दिन शनिवार
समय दोप.1:00 बजे
सुनील परतेती
पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 128


स्थान- छिंदवाड़ा (मध्यप्रदेश)
दिनांक- 25 मार्च 2023
माननीय केंद्रीय गृह
एवं सहकारिता मंत्री
श्री अमित शाह जी
का मध्यप्रदेश ज़िला छिन्दवाड़ा
की धरती पर
हार्दिक स्वागत एवं
अभिनंदन
“युवामोर्चा
चलो छिन्दवाड़ा”
योगेन्द्र प्रताप राणा
जिलाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा
BJYM


देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री
श्री अमित शाह
के आगमन पर शत्-शत् वंदन
महाविजय उद्घोष जनसभा
स्थान: पुलिस ग्राउंड छिंदवाड़ा
समय: दोप. 1 बजे से
विवेक बंटी साहू
जिलाअध्यक्ष
शेषराव यादव
प्रदेश कार्य समिति सदस्य
राजेश जुनेजा दारा
भाजपा नेता
सौजन्य से : राजेश दारा जुनेजा मित्र मंडल, छिंदवाड़ा